दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्षः 2 | अंकः 183 जयपुर, मंगलवार, 13 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### MBBS छात्रों को 9 वर्ष के भीतर कोर्स करना होगा पूरा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा जारी नए नियमों के अनुसार एमबीबीएस करने वाले छात्रों को प्रवेश की तिथि से नौ वर्ष के भीतर पाठ्यक्रम पूरा करना होगा, जबकि उन्हें प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए केवल चार प्रयास मिलेंगे। नए स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियम 2023 या जीएमईआर-23 में, एनएमसी ने कहा है कि नीट-यूजी मेधा सूची के आधार पर देश के सभी चिकित्सा संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक सामान्य काउंसलिंग होगी। एनएमसी ने दो जून को एक गजट अधिसूचना में कहा, "किसी भी परिस्थिति में, छात्र को प्रथम वर्ष (एमबीबीएस) के लिए चार से अधिक प्रयासों की अनुमति नहीं दी जाएगी।"

### EC ने राजस्थान व 4 राज्यों में दिए तबादलों के निर्देश

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है, जो चुनाव से सीधे तौर पर जुड़े हैं और अपने गृह जिलों में तैनात हैं या पिछले तीन साल से एक ही जिले में हैं। इन पांच राज्यों में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग ने कहा कि मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है, जबकि छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म हो रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए

+91 96640 14179
+91 97830 45155

पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### फिर छिड़ी बात विधायक खरीद-फरोख्त की: सीएम गहलोत का भाजपा पर प्रहार

# खड़िया को खरीदने के लिए बांसवाड़ा तक पहुंच गया था पैसा

## पैसा डिकी में लाए थे, लेकिन विधायक ने लेने से किया इनकार

## अब पद की लालसा नहीं, खोलूंगा पॉलिटिकल ट्रेनिंग कॉलेज

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की सरकार गिराने को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी जुबानी जंग शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को बांसवाड़ा दौरे में सरकार अस्थिर करने का जिक्र करते हुए कहा कि महिला विधायक ने बहुत हिम्मत का काम किया। एक नया पैसा किसी से स्वीकार नहीं किया। विधायक रमिला खड़िया के पास पैसे लेकर लोग बांसवाड़ा तक आए। पैसा उन लोगों की गाड़ी की डिकी में रखा था, लेकिन इन्होंने लेने से मना करके उन्हें भगा दिया। इतना बड़ा बहादुरी का काम इन्होंने किया है, मैं इन्हें कैसे भूल सकता हूं। गहलोत ने विधायक खड़िया की तारीफ करते हुए कहा कि आज मैं मुख्यमंत्री के रूप में यहां खड़ा हूं तो इसकी वजह ये ही हैं। हमारी सरकार मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व कर्नाटक में चली गई थी। गहलोत ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेती है। जहां चुनाव आते हैं, वहां बीजेपी के 'पॉलिटिकल बॉस' ईडी-सीबीआई को लिस्ट देकर भेज देते हैं कि कहां-कहां छापा मारना है, जो कि उचित नहीं है। गहलोत ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद कार्यकर्ताओं की जगह विधायकों की चलने लग जाती है, क्योंकि सरकार को विधायकों की जरूरत होती है। मुझे भी विधायकों की जरूरत पड़ी थी।



@ बांसवाड़ा

### गहलोत ने कहा... 'मैं अति संतुष्ट नेता'

मुख्यमंत्री ने उदयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता। मैं अति संतुष्ट नेताओं की सूची में शुमार हूं। मैं चाहता हूं। टीएन शेषन की तरह पॉलिटिकल ट्रेनिंग देने के लिए मैं भी कॉलेज खोल लूंगा। उन्होंने कहा कि मुझ में पद की कोई लालसा नहीं बची। मैं चाहता हूं कि कार्यकर्ताओं की मदद से एक बार फिर सरकार बनाऊं। सीएम गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में धर्म आधारित राजनीति हो रही है। हिटलर ने भी जर्मनी में यही किया था और यही जर्मनी के पतन का कारण बना था।

### अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की: राठौड़

सीएम गहलोत के बयान पर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सोशल मीडिया के जरिए पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ राज्य के गृह विभाग के भी मुखिया हैं। जब निर्दलीय विधायक को खरीदने के लिए सरकार गिराने की साजिश में शामिल लोग डिकी में पैसा लेकर बांसवाड़ा तक आ गए तो आपकी खुफिया एजेंसी हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी रही?



@ मुंबई

# चक्रवात बिपरजॉय

## अति भीषण बनता जा रहा... दहशत बढ़ा रहा

## 15 को गुजरात में एंट्री...

# भारी तबाही की आशंका

- 150 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से करेगा प्रवेश
- प्रधानमंत्री मोदी ने की हालात की समीक्षा
- प्रदेश के उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग पर दिखेगा असर
- राजस्थान में कई जगह होगी भारी और मध्यम दर्जे की बारिश

एजेंसी | नई दिल्ली

चक्रवात बिपरजॉय अरब सागर में खतरनाक रूप अख्तियार करता जा रहा है। इसका खतरा देश में भी लगातार बढ़ रहा है। इसे लेकर मौसम विभाग ने कई राज्यों को चेतावनी जारी की है। ताजा अपडेट यह है कि चक्रवात 15 जून की दोपहर में कच्छ के मांडवी से लेकर कराची के बीच भारत-पाकिस्तान सीमा के आस-पास टकराएगा। इस दौरान चक्रवात की स्पीड 150 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इससे गुजरात राज्य के तटीय इलाकों में भारी तबाही की आशंका है। साथ ही, मुंबई में भी खतरे की आशंका के चलते पूरी सतर्कता बरती जा रही है। मुंबई और गुजरात के तटों से कई फीट ऊंची लहरें देखी जा रही हैं।

चक्रवाती तूफान से मुंबई और अहमदबाद में फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। पश्चिम रेलवे ने इस चक्रवात के कारण 67 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इनमें 5 रेलगाड़ी राजस्थान से होकर चलती हैं। उधर, आईसीजी ने चक्रवात के करीब आने के कारण गुजरात के द्वारका तट के पास स्थित एक तेल रिग से 11 कर्मियों को हेलिकॉप्टर से निकाला है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार को चक्रवाती तूफान बिपारजॉय से संबंधित हालात की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना सुनिश्चित करने और पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इधर, आईएमडी ने कहा कि तटों के समीप हवा की अधिकतम गति 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई है। उधर, गुजरात राज्य के अधिकारियों के अनुसार करीब 7,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में होगा ज्यादा असर

बेधड़क.जयपुर। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि चक्रवात गुजरात से 15 जून को उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा। इस दिन दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग में हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। इसकी गति 45 से 55 और कहीं-कहीं 60 से 65 किमी की होगी। इसके बाद 16 जून को इन्हीं संभागों के खासकर गुजरात से सटे इलाकों बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर, सिरोही, उदयपुर आदि में भारी वर्षा संभव है। इसके बाद यह उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ेगा और कमजोर होता जाएगा। इससे 17 जून को अजमेर संभाग में भारी बारिश की प्रबल संभावना है। प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम और सेंट्रल राजस्थान में 16 व 17 जून को तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। इससे अधिकतर इलाकों में तापमान जो वर्तमान में 40 से 43 डिग्री तक है, वह 30 से 35 डिग्री के बीच हो जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ली उच्च स्तरीय बैठक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से संबंधित हालात की समीक्षा की। उन्होंने चक्रवात से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कमल किशोर और भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र शामिल हुए। बैठक में तूफान को लेकर अधिकारियों ने प्रस्तुति दी और हालात से अवगत कराया।

### मुंबई और गुजरात में एनडीआरएफ की टीमें तैनात

एनडीआरए की तरफ जारी बयान के मुताबिक मुंबई में पहले से तैनात तीन टीमों के साथ दो अन्य टीमों को तैनात किया गया है। इसके अलावा गुजरात में भी चार टीमें तैनात की गई हैं। गुजरात और मुंबई के समुद्री तट पर इसकी कई फुट ऊंची लहरें देखी जा सकती हैं।

### रात 6 घंटे चली वार्ता में निकला हल

# मंत्रालयिक कर्मचारियों का आंदोलन खत्म... अब बनी सहमति

बेधड़क | जयपुर

पिछले 64 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सोमवार देर रात आंदोलन खत्म कर दिया। सचिवालय में मुख्य सचिव उषा शर्मा, डीओपी के प्रमुख सचिव हेमंत गेरा और कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुए लिखित समझौते के बाद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राज सिंह चौधरी ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। आंदोलन की समाप्ति पर प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों ने अपनी मांगें पूरी होने पर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। प्रदेश भर में मंगलवार से मंत्रालयिक कर्मचारी काम पर लौटेंगे।



### लिखित में हुआ समझौता

कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ करीब 6 घंटे तक चली वार्ता में प्रमुख सचिव हेमंत गेरा ने कर्मचारियों को अंतिम निर्णय करने के लिए कहा। इस पर कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने लिखित में समझौता पत्र देने की बात कही। समझौता पत्र देने के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्ति की घोषणा कर दी। -पेज 3 भी देखें

### इन मांगों पर बनी सहमति

- वरिष्ठ सहायक की ग्रेड पे 2800 के स्थान पर 3600 होगी।
- योग्यता ग्रेजुएशन करने पर कमेटी का होगा गठन।
- अन्य मांगों पर जल्द जारी किए जाएंगे आदेश।

# ट्रैफिक पुलिस ने ऑर्डर में राज्य सरकार को बताया 'अकर्मण्य'

बेधड़क | जयपुर

भाजपा की ओर से मंगलवार को होने वाले सचिवालय घेराव को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जयपुर में यातायात व्यवस्था को लेकर रूट प्लान जारी किया है। जिसमें उसने भी भाजपा की भाषा का प्रयोग करते हुए कांग्रेस सरकार को 'अकर्मण्य' बता दिया। हालांकि मामले को लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों का कहना है कि यह टाइपिंग मिस्टेक की वजह से हुआ है। दरअसल, जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने भाजपा के घेराव कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर एक आर्डर जारी किया। जिसमें लिखा की **सुबह 10.30 बजे से कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता, भ्रष्टाचार, किसान, युवा, महिला, दलित विरोधी नीतियों** के विरोध में भाजपा प्रदेश कार्यालय सरदार पटेल मार्ग के सामने सभा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। सभा के पश्चात जुलूस के रूप में रवाना होकर चौमूं हाउस सर्किल, पृथ्वीराज रोड होते हुए स्टैच्यू सर्किल पहुंच कर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

# खुदरा महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर, 25 माह का निचला स्तर

- RBI फिलहाल रेपो दर पर लगा सकता है लगाम
- खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल के 3.84% के मुकाबले रही 2.91%
- आईआईपी के मुताबिक बिजली उत्पादन में 1.1% गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली

खाद्य उत्पादों एवं ईंधन कीमतों में नरमी आने से मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 25 माह के निचले स्तर 4.25 प्रतिशत पर आ गई। सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार मई 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.25 प्रतिशत रही, जो अप्रैल 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.23 प्रतिशत पर थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2023 में 4.7 प्रतिशत रही थी। वहीं एक साल पहले मई, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.04 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह लगातार चौथे महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटी है। विशेषज्ञों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति में जारी गिरावट के दौर को देखते हुए रिजर्व बैंक अभी कुछ और समय तक रेपो दर में वृद्धि पर लगाम लगाए रख सकता है।




### अनाज व दालों की महंगाई दर बढ़ी

हालांकि, अनाज और दालों की महंगाई दर बढ़कर क्रमशः 12.65 प्रतिशत और 6.56 प्रतिशत रही। इसके अलावा ईंधन एवं प्रकाश खंड की मुद्रास्फीति भी 4.64 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल में यह 5.52 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति मई में उम्मीद से कहीं अधिक घटी है, लेकिन चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### जून में मामूली बढ़ेगी: अर्थशास्त्री

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान और संपर्क प्रमुख अदिति नायर ने कहा कि जून, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 4.5-4.7 प्रतिशत रह सकती है, जो कि खाद्य तेलों को छोड़कर अधिकांश खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई शुरुआती तेजी पर आधारित है। बार्कले के प्रबंध निदेशक राहुल बाजोरिया ने कहा कि उच्च आधार होने और ऊर्जा लागत में कुछ सहजता आने से मुद्रास्फीति मई में कुछ और कम हुई। हालांकि, आरबीआई आने वाले महीनों में मुख्य मुद्रास्फीति की स्थिति और खाद्य कीमतों पर अल नीनो के प्रभाव पर नजर रख सकता है।

### ईंधन और खाद्य उत्पादों की कीमतें घटी

पिछले महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट के पीछे मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों एवं ईंधन की कीमतों में आई कमी रही है। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 2.91 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल में यह 3.84 प्रतिशत थी। खाद्य उत्पादों की सीपीआई सूचकांक में हिस्सेदारी करीब आधी होती है।

### औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि घटी

देश का औद्योगिक उत्पादन इस साल अप्रैल में 4.2% की दर से बढ़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल 2022 में 6.7% बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के के मुताबिक अप्रैल 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.9% और खनन उत्पादन 5.1% बढ़ा है। समीक्षाधीन माह के दौरान बिजली उत्पादन में 1.1% की गिरावट आई है।

## जरूरी खबर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाटेंगे 70 हजार नियुक्ति पत्र



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए नवनियुक्त सदस्यों को करीब 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। पीएम इस अवसर पर भर्ती हुए नवनियुक्त सदस्यों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 43 स्थानों पर किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के सभी विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी नियुक्तियां की जा रही हैं। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर जयपुर, जोधपुर और अजमेर में कार्यक्रम आयोजित होगा।

### प्रदेश के 16 RAS अधिकारी बनेंगे आईएएस

**जयपुर।** राजस्थान के 16 आरएएस अधिकारी अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) का हिस्सा बनेंगे। कार्मिक विभाग के प्रस्ताव पर दिल्ली यूपीएससी में प्रमोशन के लिए बोर्ड बैठक मंगलवार को होगी, जिसके बाद इनकी पदोन्नति पर मोहर लगेगी। प्रदेश से इस बैठक में सीएस उषा शर्मा और प्रमुख सचिव हेमंत गेरा और एसीएस वीनू गुप्ता शामिल होंगे। जिन आरएएस की पदोन्नति के नामों पर विचार होगा, उनमें प्रियंका गोस्वामी, जगजीत मोंगा, रामनिवास मेहता, अरुण गर्ग, राजेन्द्र वर्मा, अल्पा चौधरी, संचिता विश्नोई, हर्ष सावन सुखा , आशुतोष गुप्ता, बाबूलाल गोयल,बालमुकुंद असावा, नारायण सिंह, किशोर कुमार, हनुमानमल ढाका बचनेश अग्रवाल, वासुदेव मालावत शामिल हैं।

### जयपुर में पुलिस ने 26 बाल श्रमिक किए रेस्क्यू



**जयपुर।** विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के अवसर पर बाल श्रमिकों के लिए काम कर रही संस्था बचपन बचाओ आंदोलन सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से सोमवार को पुलिस ने 26 बच्चों को रेस्क्यू किया। इसमें भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र सर्वाधिक 22 बच्चे मुक्त कराए गए। यह बच्चे कारखाने में काम कर रहे थे। सभी बच्चे उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल से है। कार्रवाई की भनक लगते ही कारखाना संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

---

**मुख्यमंत्री का उदयपुर दौरा: महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण कर लाभार्थियों से की मुलाकात, कई सौगातें दी**

# बटन दबाऊंगा, पशुपालकों के खाते में पहुंचेंगे 40 हजार: CM

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को उदयपुर संभाग के दौरे पर रहे। सोमवार को गहलोत बांसवाड़ा के कुशलगढ़, डूंगरपुर के टोकवासा और उदयपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने महंगाई राहत कैंप का दौरा कर लाभार्थियों से मुलाकात की और प्रदेशवासियों को कई योजनाओं की सौगात दीं।

कुशलगढ़ में गहलोत ने कहा कि 16 जून को जयपुर में एक बटन दबाऊंगा और लंपी बीमारी से जिस पशुपालक की गाय की मौत हुई है, उनके खाते में में 40 हजार रुपए आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार अब 2 गायों के लिए 40-



40 हजार का बीमा करवाने की योजना लाई है।

सीएम बोले सरकार ने 2248 करोड़ की योजनाएं बांसवाड़ा को दी है और मैं चाहता हूं की उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर तक सिंचाई की सुविधा बढ़े। इस दौरान गहलोत ने लंकाई (बागीदौरा) में अपर हाई लेवल केनाल परियोजना के अंतर्गत अनास नदी पर साइफन निर्माण और मगरदा में 2500 करोड़ रुपए की अपर हाई लेवल केनाल परियोजना का शिलान्यास किया, जिससे जिले की 6 तहसीलों के 338 गांवों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

### बेणेश्वर धाम के लिए 100 करोड़ मंजूर

गहलोत ने कहा कि केनाल परियोजना आदिवासी अंचल की महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिससे सिंचाई जल मिलने से क्षेत्र में सतत् रूप से विकास संभव हो सकेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आदिवासी बाहुल्य जिलों के विकास में राज्य सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। वहीं जनजाति विकास कोष की राशि 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए की गई है, जिससे क्षेत्र में पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बेणेश्वर धाम के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से आमजन को राहत दे रही है जिससे उनकी बचत बढ़ेगी। गहलोत ने देवपुरी महाराज की धूणी में मंदिर का विकास करवाने एवं आसपुर व उदयपुर को जोड़ने के लिए सोम नदी पर पुलिया एवं सड़क के निर्माण की घोषणा की।

### खेमराज कटारा की मूर्ति का अनावरण

गहलोत ने सोमवार को उदयपुर के सैटेलाइट हॉस्पिटल परिसर में पूर्व मंत्री स्वर्गीय खेमराज कटारा की मूर्ति का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और हम लगातार जनता को राहत देने के लिए कार्य कर रहे हैं। घर-घर पानी पहुंचाने के लिए भी प्रयास जारी है। राज्य में वृहद स्तर पर बिजली उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा प्लांट लग रहे हैं। राजस्थान हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में राजस्थान आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 90 विश्वविद्यालय खुल चुके हैं। लगातार नए कॉलेज व विद्यालय खोले जा रहे हैं। अनुप्रति योजना के तहत बच्चों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाते हुए उनके बेहतर भविष्य की नींव रखी जा रही है। कालीबाई भील स्कूटी योजना में प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। इस दौरान गहलोत ने बारापाल को उप तहसील से तहसील में क्रमोन्नत करने एवं सैटेलाइट हॉस्पिटल में 5 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाने तथा 100 बेड बढ़ाने की घोषणा की।

---

**विधानसभा चुनाव से पूर्व नेताओं की नए घर से राजनीति**

# पूर्व CM पहाड़िया के पुत्र सहित चार बड़े चेहरे BJP में शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस के दिग्गज नेता व प्रदेश के दलित वर्ग से एकमात्र सीएम रहे जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओमप्रकाश पहाड़िया, पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के भतीजे व पूर्व पीसीसी पदाधिकारी बिजेन्द्र सिंह शेखावत, बसपा से पूर्व प्रदेश महासचिव अशोक वर्मा और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन मीणा सोमवार को प्रदेश भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, वासुदेव देवनानी व श्रवण सिंह बगड़ी ने चारों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

भाजपा में शामिल हुए ओमप्रकाश इनकम टैक्स कमिश्नर रह चुके हैं। वहीं बिजेन्द्र पहले कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं और पीसीसी में महासचिव भी रह चुके हैं। वे पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के भतीजे भी हैं।

### पीएम की जनकल्याणकारी नीतियों में आमजन की आस्था: जोशी




### कर्जा लेकर घी पी रही कांग्रेस सरकार: सिंह

प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन और गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आमजन का कांग्रेस सरकार से विश्वास उठ चुका है। खोखली घोषणाओं वाली यह सरकार अब महज घोषणावीर सरकार बनकर रह गई है। कर्जा लेकर घी पीने वाली कांग्रेस सरकार राहत के नाम पर करोड़ों रुपए विज्ञापनों में बहा रही है। इसलिए यह जांच का विषय है कि कई योजनओं से ज्यादा पैसा सरकार ने विज्ञापन पर तो खर्च नहीं कर दिया।

### पार्टी ज्वाइन करने वालों ने कहा- हम नए घर में

सोमवार को पार्टी ज्वॉइन करने वाले नेताओं ने कहा कि हम नए घर में प्रवेश कर गए हैं। ओम प्रकाश पहाड़िया ने कहा कि वह मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में आए हैं। राजस्थान में करप्शन, पेपर लीक जैसे मामलों से जनता परेशान है। वहीं बसपा से भाजपा में आए अशोक वर्मा ने कहा कि मायावती ने काशीराम की विचारधारा को खत्म कर दिया। प्रदेश में मोदी की विचारधारा से दलित वर्ग भाजपा से जुड़ रहा है। तो पूर्व आईएएस चन्द्रमोहन मीणा ने सदयस्ता लेने के बाद कहा कि भाजपा समरसता का संदेश देती है। वहीं बिजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कॉग्रेस में कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है।

### कांग्रेस डूबता हुआ जहाज: सीपी जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। मोदी के विकास कार्यों के चलते ही कांग्रेस, बसपा सहित अन्य दलों के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जोशी ने कांग्रेस को डूबता जहाज बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस सरकार का जाना तय है।

---

**ACB ने की जयपुर में दो जगह कार्रवाई**

# गिरदावर व तीन दलाल 5 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार





**बेधड़क | जयपुर**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार जयपुर में दो कार्रवाई की। एसीबी ने रामकिशन मीणा गिरदावर तहसील आंधी, जिला जयपुर और तीन दलाल गिर्राजप्रसाद मीणा, केदार प्रसाद दर्जी, महेश कुमार शर्मा को परिवादी से 5 लाख रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी खरीदशुदा कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी सीमाज्ञान करने की एवज में तहसीलदार आंधी के नाम पर उसके दलाल 15 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे थे।

### वरिष्ठ लेखाधिकारी व ठेकेदार को धरा





एसीबी ने दूसरी कार्रवाई करते हुए निदेशालय विशेष योग्यजन के वरिष्ठ लेखाधिकारी धर्मसिंह मीणा और ठेकेदार जय नारायण मीणा को 50 हजार रुपए की घूस लेते-देते हुए गिरफ्तार किया है। एएसपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि इस राशि का लेन-देन मानसिक विमंदित महिला एवं बाल कल्याण पुर्नवास गृह जामडोली जयपुर के मेंटिनेंस एवं लेबर सप्लाई का ठेका प्राप्त करने और घटिया सेवा सामग्री सप्लाई करने के लिए हुआ था।

---

**लाइमस्टोन, आयरन और बेसमेटल मेजर मिनरल के हैं ब्लॉक**

# पांच मेजर मिनरल ब्लॉक्स की ई-पोर्टल पर 21 तक होगी नीलामी

**बेधड़क | भरतपुर**

राज्य के उदयपुर, चित्तौडगढ़, सीकर, जयपुर के पांच मेजर मिनरल ब्लॉकों की भारत सरकार के ई-पोर्टल पर नीलामी प्रक्रिया जारी हैं। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि इस पारदर्शी ई नीलामी की प्रक्रिया में निविदादाता भाग लें 21 जून तक बोली लगा सकते हैं।

निदेशक माइंस नायक ने सोमवार को खनिज भवन में मेजर मिनरल्स की नीलामी कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उदयपुर के हरियाव जसपुरा के 94.62 हेक्टेयर



क्षेत्रफल के लाइम स्टोन के ब्लॉक की माइनिंग लीज के लिए नीलामी की जा रही हैं। इसमें 74 मिलियन टन से अधिक के लाइमस्टोन भंडार संभावित हैं।

इसी तरह से आयरन ओर के सीकर व जयपुर के एक-एक ब्लॉक की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की जा रही है। सीकर जिले के न्योराना-धान्डेला आयरन ओर के 16.775 हेक्टेयर क्षेत्र के ब्लॉक की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है। वहीं जयपुर शाहपुरा के बासरी गणेशपुरा में आयरन ओर के 38 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल ब्लॉक की कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी की जा रही है। उदयपुर के लदाना के बेसमेटल के 300 हेक्टेयर के ब्लॉक के साथ ही चित्तौड़गढ़ के भाभरिया का खेडा बेस मेटल व एसोसिएटेड मिनरल के 970 हेक्टेयर क्षेत्रफल के ब्लॉक की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है। इन सभी पांच ब्लॉक्स की नीलामी प्रक्रिया 17 मई से जारी है।

---

**श्रीगंगानगर में 18 जून को आएंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री**

# केजरीवाल की महारैली के बाद बदलेगा प्रदेश का सियासी माहौल: पालीवाल

**बेधड़क | कोटा**

प्रदेश का युवा बीजेपी और कांग्रेस के विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी की तरफ उम्मीद भरी निगाहें से देख रहा है।

श्रीगंगानगर में 18 जून को आयोजित अरविन्द केजरीवाल की रैली के बाद 'आप' का क्रेज युवाओं के सिर चढ़कर बोलेगा और यहां का सियासी माहौल बदलेगा। 'आप' ने जाति-धर्म पर आधारित राजनीति नहीं की, बल्कि राजनीति में भी युवाओं को ही मौका दिया है। ये बातें आप




प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने सोमवार को कहीं। उन्होंने कहा कि बीजेपी-कांग्रेस की जुगलबंदी से जनता का मन भर गया है। विभिन्न सर्वे के मुताबिक 75 लाख से ज्यादा नए युवा मतदाता अब पुरानी पॉलिटिकल लाइन पर नहीं चलना चाहते।

### सीएम अशोक गहलोत ने सिर्फ कुर्सी बचाने में ध्यान लगाया

पालीवाल ने कहा कि हमारे समाज में युवाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। राजस्थान के जागरूक युवा ही प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला सकते हैं। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई ने भी भ्रष्टाचारियों को पूरे साढ़े चार साल बेलगाम कर दिया था, जिन पर शिकंजा कसना भी जरूरी है। सीएम अशोक गहलोत ने पूरे कार्यकाल के दौरान सिर्फ अपनी कुर्सी को बचाने में ध्यान लगाया और विधायकों से लेकर अधिकारियों तक को खुली छूट दे रखी थी। चुनाव नजदीक आ गये तो फिर से सरकार बनाने की उधेड़बुन में लग गए हैं। इससे साफ पता चलता है कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता की परवाह नहीं बल्कि अपनी कुर्सी को दोबारा पाने का मोह ज्यादा है।

---

**सहकार ग्राम आवास योजना**

# खेत पर आवास बनाने के लिए किसानों को मिलेगा 50 लाख का ऋण

■ निर्धारित समय पर भुगतान तो मिलेगा 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के किसानों को खेत पर आवास बनाने के लिए सहकार ग्राम आवास योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। केन्द्रीय सहकारी बैंकों की ओर से दिया जाने वाला यह ऋण किसानों को तीन किश्तों में मिलेगा।

साथ ही समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी मिलेगा। इस प्रकार किसान को 6 प्रतिशत ब्याज देना होगा। यह ऋण दीर्घकालीन अवधि



(15 वर्ष) का होगा। यह घोषणा प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने सोमवार को अपेक्स बैंक में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि खेत पर आवास के लिए बैंकों को 72.70 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंहगाई राहत कैंप में आवेदनकर्ताओं के प्राप्त पात्र आवेदनों पर शीघ्र ही ऋण वितरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना के अन्तर्गत 1500 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया जाना है। अभी तक 2.34 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन्होंने निर्देश दिए कि राजीविका से संबंधित आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर ऋण वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई, 2023 तक आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

### 15.27 लाख किसानों को मिला 5793 करोड़ रुपए का ऋण

वर्ष 2023-24 में 22 हजार करोड़ रुपए का फसली ऋण का वितरित किया जाएगा। इसके लिए खरीफ 2023 में 11811 करोड़ तथा रबी 2023-24 के लिए 10189 करोड़ रुपए का लक्ष्य बैंकों को दिया गया है। अभी तक 15.27 लाख



किसानों को 5793 करोड़ रुपए का ऋण दिया जा चुका है। इधर, गुहा ने प्रबंध निदेशकों को समय पर ऋण वितरण का लक्ष्य पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में 5 लाख नए सदस्य किसानों को ऋण वितरण किया जाना है। अभी तक 34,554 नए सदस्य किसानों को ऋण दिया गया है, जो काफी कम है। ऐसे में नए सदस्य बने किसानों को सर्वाधिक मात्रा में जोड़ने के लिए कोई कोताही नही बरती जाए।

### इन बिंदुओं की प्रगति पर भी हुई समीक्षा

अपेक्स बैंक में आयोजित केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की समीक्षा बैठक में प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने पैक्स एज एमएससी, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, कॉमन सर्विस सेंटर, केन्द्रीय सहकारी बैंकों में अमानत का स्तर, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के तहत खाता खोलना, एसएचजी को वित्त पोषण एवं भारत सरकार के पोर्टल पर प्रविष्टियां करना तथा केसीसी से संबंधित डाटा इंश्योर पोर्टल पर समय पर अपलोड करने संबंधित बिन्दुओं की प्रगति पर भी समीक्षा की। प्रमुख शासन सचिव सहकारिता ने संबंधित अधिकारियों को समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) शिल्पी पांडे, प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक भोमाराम, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) गुंजन, केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशक, नाबार्ड, सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### एयरपोर्ट पर दो घंटे कर सकेंगे फ्री वाई-फाई उपयोग



**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट ने सोमवार को यात्रियों की सुविधा में विस्तार करते हुए मुफ्त वाई-फाई सेवा उपयोग करने की समय सीमा को बढ़ाकर दो घंटे कर दी। नई सेवा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए उपलब्ध है। पहले मुफ्त वाई-फाई सेवा केवल 45 मिनट तक सीमित थी, लेकिन नई व्यवस्था के बाद उपयोगकर्ता का समय बढ़ा दिया गया है। जयपुर हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले लगभग 70% यात्री मुफ्त वाईफाई सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह कदम उपयोगकर्ता को ऑनलाइन सामग्री को स्ट्रीम करने, डाउनलोड करने, देखने और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और प्रियजनों से जुड़े रहने की आजादी देता हैं।

### गर्मी के तीखे तेवरों ने छुड़ाए आमजन के पसीने



**जयपुर।** प्रदेश में चक्रवात की आहट से पहले गर्मी के तीखे तेवर आमजन के पसीने छुड़ा रहे हैं। इधर सोमवार को राज्य की 5 जगहों को छोड़कर सभी जगह पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया, वहीं धौलपुर में तापमान बढ़कर 43 डिग्री हो गया। उधर, मौसम विभाग ने राजधानी जयपुर समेत प्रदेश की 17 जगहों पर मंगलवार मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इन जगहों में बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर के अलावा पाली शामिल है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**सोडाला एलिवेटेड रोड:** लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं चेत रहा प्रशासन, विभाग डाल रहे एक दूसरे पर जिम्मेदारी

# खतरनाक घुमाव और बेलगाम रफ्तार बन रही हादसों की वजह

नरेंद्र चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** यातायात को सुगम बनाने के लिए बनाया गया सोडाला एलिवेटेड रोड मॉनिटिरिंग के अभाव में हादसों का कारण बनाता जा रहा है। पिछले छह माह में एलिवेटेड पर हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग अपना जीवन गवां चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक हादसों को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

हर बार यहां कोई न कोई काल का ग्रास बन जाता है। जिम्मेदार सिर्फ फौरी कार्रवाई कर इतिश्री कर लेते हैं। सोडाला एलिवेटेड रोड पर अजमेर रोड से श्याम नगर सब्जी मंडी तक करीब तीन घुमाव आते हैं। इसमें सोडाला तिराहे पर आने वाला घुमाव खतरनाक है।

हालांकि इस घुमाव पर वाहन चालकों के लिए सूचना पट्टी भी लगा रखी है, लेकिन बेलगाम दौड़ रहे वाहनों के लिए ये पट्ट नाकाफी साबित हो रहे हैं। मार्ग में कोई स्पीड मीटर नहीं होने से भी वाहन चालक वाहनों को अबाध गति से दौड़ा रहे हैं। अब तक हुए हादसों में ज्यादातर जनहानि इसी तेज घुमाव पर हुई है। साथ ही भारत जोड़ो सेतु और एलिवेटेड रोड के साथ मिलने की जगह पर भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।



**100 की स्पीड से दौड़ रहे वाहन**

एलिवेटेड रोड और भारत जोड़ो सेतु पर कई जगह वाहनों की स्पीड को लेकर सूचना पट्टी लगी हुई है। इनमें वाहन को अधिकतम स्पीड 40 किमी तय की गई है, लेकिन निगरानी के अभाव में लोग 100 से अधिक की स्पीड में वाहनों को दौड़ा रहे हैं। कुछ समय के लिए निगरानी के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात किया गया था, लेकिन वह भी अब दिखाई नहीं देता।

**ये हो चुके हैं हादसे**

- नवंबर 2020 में कार सवार युवक की मौत
- अक्टूबर 2022 स्कूटर सवार की मौत
- सितंबर 2022 में बाइक सवार की मौत
- दिसंबर 2022 में सड़क हादसे में युवक की मौत
- मार्च 2023 दो हादसों में दो की मौत, दो घायल



" एलिवेटेड रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे और स्पीड ब्रेकर लगवाने चाहिए, जिससे लिए कोई जनहानि नहीं हो।

**रिचा सैनी,** सोडाला निवासी



" हादसों को रोकने के लिए जेडीए ने रूपरेखा बनाई थी। इन सब पर यदि अमल किया जाता है तो एलिवेटेड रोड पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

**बी एल स्वामी,** प्रो. एमएनआईटी

**समझौता:** अब जनता से जुड़े काम करेंगे मंत्रालयिक कर्मचारी

# सरकार ने 64 दिन बाद मानी मांगें, तो राजी हुए कर्मचारी

## प्रदर्शन के दौरान पुलिस-कर्मियों के बीच हुई धक्का मुक्की, देर रात हुई वार्ता

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 64 दिन से चल रहा धरना सोमवार रात को समाप्त हो गया। देर रात सचिवालय में मुख्य सचिव और डीओपी प्रमुख सचिव से अपनी मांगों का लिखित समझौता होने के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन को खत्म करने की घोषणा कर दी। उससे पहले सोमवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने शासन सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करने के लिए शिप्रा पथ स्थित महापड़ाव स्थल से कूच किया था। उन्हें पुलिसकर्मियों ने सी-स्कीम चौराहे पर बेरिकेडिंग, वाटर केनन लगाकर रोक दिया गया। इससे कर्मचारी आक्रोशित हो गए।

भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। करीब दो घंटे की नारेबाजी के बाद कर्मचारी उग्र हो गए और मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान कर्मचारी और पुलिस के बीच में धक्का मुक्की भी हुई। बाद में कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को मुख्य सचिव ने वार्ता के लिए बुलाया गया।



फोटो: राजेश कुमावत



### कई बार हुई सरकार-कर्मचारियों संग वार्ता

राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राज सिंह चौधरी ने बताया कि प्रदेश भर के कर्मचारी पिछले 64 दिन से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे थे। प्रशासनिक स्तर पर कई बार कर्मचारियों के साथ वार्ता भी हुई, लेकिन समाधान नहीं निकल पाया।

### इन मांगों को लेकर आंदोलन

कर्मचारी पदोन्नति के प्रथम पद वरिष्ठ सहायक की ग्रेड पे 2800 के स्थान पर 3600 करने, सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4800, प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 6600 और संस्थापन अधिकारी की ग्रेड पे 7600 करने, 2013 में किए गए प्रारंभिक वेतन 9840 को पुनर्स्थापित करने, पंचायती राज संस्थाओं में अधीनस्थ विभागों के लिए पदोन्नति के पद सृजित करने, अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग में वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक के पदों का 31 और 40% करने, मंत्रालयिक संवर्ग के लिए 25% पदोन्नति का कोटा और सीधी भर्ती में 12.5 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने को लेकर आंदोलन कर रहे थे।

**पंचतत्व में विलीन हुए नाथुला टाइगर**

# 'नाथुला टाइगर' कर्नल बिशन को अंतिम विदाई

■ हजारों लोगों ने कर्नल राठौड़ को नम आंखों से दी भावभीनी श्रद्धांजलि



बेधड़क | जयपुर

भारतीय सेना में 'नाथुला टाइगर' के नाम से विख्यात स्वर्गीय कर्नल बिशन सिंह राठौड़ सोमवार को सीकर रोड स्थित मोक्षधाम में पंचतत्व में विलीन हो गए। मोक्षधाम में सैन्य सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उन्हें आखिरी विदाई देने पहुंचे। मोक्षधाम में सेना की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी।

कर्नल राठौड़ के बड़े पुत्र भवानी सिंह ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। बिशन सिंह का रविवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उनके निधन पर कई राजनेताओं ने शोक जताया था। उनके निधन की खबर मिलते ही सोमवार सुबह से ही कर्नल राठौड़ के विद्याधर नगर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए आने लग गए। सेना में ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट जनरल ए अरुण और पश्चिमी कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्नल राठौड़ की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किए और राठौड़ के परिजनों को ढांढस बंधाया। फूलों से सजे सेना के वाहन पर कर्नल राठौड़ की पार्थिव देह को रखकर उनकी अंतिम यात्रा मोक्षधाम के लिए रवाना हुई तो मौजूद लोगों ने भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा, बिशन सिंह तेरा नाम रहेगा नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया।

**चेकिंग व्यवस्था पर दिया जा रहा है जोर**

# स्मारकों पर लगी स्कैनर मशीन

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के स्मारकों पर पिछले दिनों ई- टिकटिंग व्यवस्था में हुए फर्जीवाड़े पर रोकथाम लगाने के लिए क्यूआर कोड स्कैनर मशीन लगाई जा चुकी है। पिछले दिनों सच बेधड़क ने स्मारकों पर टिकटिंग में फर्जीवाड़े की खबर को प्रमुखता से छापा था।

इसके बाद टिकट पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करने के लिए एंट्री पॉइंट्स पर कम्प्यूटर मशीन लगाई गई है। इसके अलावा यहां चेकिंग व्यवस्था पर भी जोर दिया जा रहा है।



स्मारकों पर पर्यटक के प्रत्येक टिकट की कम्प्यूटर में एंट्री की जा रही है। इसके अलावा अगर कोई स्कैन होने के बाद भी टिकट वापस एंट्री के लिए आता है तो सिस्टम में ऑलरेडी विजिटेड बताता है। इससे सिस्टम पर बैठे कर्मचारी को भी इसका आभास हो जाता है कि यह टिकट फर्जी है या डबल प्रिंटेड है। गौरतलब है कि राजधानी के स्मारकों पर पर्यटकों की समय की बचत के लिए पिछले दिनों ई-टिकटिंग की सुविधा शुरू की गई थी।

**पेंशन संशोधन सहित अन्य मांगें रखी**

# सेवानिवृत्त बैंककर्मियों ने दिया धरना

बेधड़क | जयपुर

ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज कनफेडरेशन से जुड़े सैकड़ों सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों ने शहीद स्मारक पर धरना दिया। वित्त मंत्रालय भारत सरकार और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन द्वारा उनकी मांगों के प्रति अपनाए जाने वाले उदासीन रवैए को लेकर सोमवार को यह प्रदर्शन किया गया।




फोटो: पंकज शर्मा

इस अवसर पर एआईबीपीएआरसी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष एनके पारीक ने बताया कि सेवानिवृत्त बैंककर्मियों की पेंशन का काफी लंबे समय से नहीं बढ़ाई जा रही है जबकि पेंशन रेगुलेशन में इसका प्रावधान है। सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों को डीए का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा। कर्मचारियों को हेल्थ इंश्योरेंस के लिए अधिक प्रीमियम देना पड़ रहा हैं। सरकार और बैंक इसके लिए कोई पुनर्भरण नहीं कर रहे हैं ।

धरना प्रदर्शन सभा को संगठन के विभिन्न बैंकों से आए पदाधिकारी केसीआर सेपट, आलोक चतुर्वेदी, वीपी शर्मा, विजय कुमार गर्ग, डीएस कोहली सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

**महिलाओं के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी पुलिसिंग**

# महिला उत्पीड़न मामलों की प्रभावी जांच से अपराधों पर लगेगा अंकुश

- राजस्थान पुलिस अकादमी में होगी जेंडर यूनिट की स्थापना
- जेंडर आधारित अपराधों पर होगा रिसर्च वर्क
- यूएनएफपीए और राजस्थान पुलिस अकादमी के बीच पुलिसिंग के लिए एमओयू

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी में जेंडर यूनिट की स्थापना में सहयोग के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी और संयुक्त राष्ट्र पॉपुलेशन फंड के बीच महिलाओं के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी पुलिसिंग के लिए सोमवार को एमओयू किया गया।

डीजीपी उमेश मिश्रा की मौजूदगी में एमओयू पर यूएनएफपीए की भारत में रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एन्ड्रीया एन वोजनर और आरपीए निदेशक पी रामजी ने हस्ताक्षर किए। राजस्थान में महिला उत्पीड़न के मामलों की प्रभावी जांच और ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने यह एमओयू किया। डीजीपी उमेश मिश्रा ने बताया कि महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर राजस्थान पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। अब राजस्थान पुलिस अकादमी में जेंडर यूनिट की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र पॉपुलेशन फंड का सहयोग मिला है। इस एमओयू के जरिए यहां रिसर्च वर्क होगा। जो देखेगा कि हमारी पॉलिसी का लाभ महिलाओं को मिल रहा है या नहीं। इससे अब हमारे रिसर्चर और पुलिस काउंसलर्स यह जान पाएंगे कि जेंडर प्रायरिटी में लेटेस्ट क्या चल रहा हैं। साथ ही पुलिस जो प्रयास से महिलाओं को अपराधों में लाभ मिल रहा हैं या नहीं।



### साक्ष्य आधारित पुलिसिंग का मार्ग होगा प्रशस्त

डीजीपी मिश्रा ने कहा कि इस यूनिट द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को जेंडर समानता पर उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस यूनिट से पुलिसकर्मियों का क्षमता संवर्द्धन हो सकेगा। वर्तमान दौर साक्ष्य आधारित पुलिसिंग का है और आरपीए में जेंडर यूनिट की स्थापना से साक्ष्य आधारित पुलिसिंग का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों और घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। प्रदेश में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में इकाइयां गठित की गई हैं। निर्भया स्क्वेड व महिला सखी सहित महिला सुरक्षा से संबंधित राजस्थान पुलिस अपराधों को रोकने के लिए प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार द्वारा निर्बाध पंजीकरण व थानों में स्वागत कक्ष निर्माण किए जाने से महिलाओं सहित कमजोर वर्गों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा हैं।

### हर महिला को हिंसा से मुक्त जीवन जीने का अधिकार

यूएनएफपीए की भारत में रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एन्ड्रीया एन वोजनर ने कहा कि इस एमओयू से महिलाओं के प्रति हर प्रकार की हिंसा को कम करने के साथ वैश्विक सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार करना हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए घरेलू हिंसा को रोकने पर बल दिया। अकादमी में इस यूनिट की स्थापना से पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की साक्ष्य आधारित अध्ययन भी किया जा सकेगा।

### एमओयू से होगा यह लाभ

एमओयू से अब मुख्य रूप से 5 लाभ होंगे। इसमें पुलिस बल के प्रशिक्षण और संचालन प्रक्रियाओं में जेंडर मेनस्ट्रीमिंग को बढ़ावा देने के लिए आरपीए में जेंडर यूनिट की स्थापना होगी। वहीं पुलिस अधिकारियों और अन्य कर्मियों, विशेष जांच इकाइयों से जुड़े पुलिसकर्मियों की क्षमता का निर्माण, महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराधों की संवेदनशीलता से जांच करने और जेंडर के प्रति उत्तरदायी पुलिस सेवाओं को मजबूत करने में सहयोग मिलेगा। साथ ही कानूनों पर पुलिस विभाग में मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, साक्ष्य-आधारित प्रोग्रामिंग को आधुनिक बनाने और पुलिस बल की सक्रियता और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए जेंडर आधारित हिंसा पर अनुसंधान पर जोर रहेगा।

## जरूरी खबर

### रितिक बॉक्सर के साथी द्वारा किया अतिक्रमण हटाया



**हनुमानगढ़।** हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर के साथी रहे हिस्ट्रीशीटर मणिशंकर उर्फ गणी उर्फ मणिया के गांव सतीपुरा में सोमवार को तीन थानों का जाब्ता पहुंचा। बदमाश द्वारा ग्राम पंचायत कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। पुलिस ने बुलडोजर चलवा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाया। बाद में सरकारी जमीन का कब्जा ग्राम पंचायत को सौंप दिया। बीकानेर एसपी चौधरी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर मणिशंकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर फिरौती मांगने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

### ओरिया गांव में युवाओं ने निकाली शांति पदयात्रा

**माउंट आबू।** खेल मंत्रालय व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के युवा प्रभाग के सांझे प्रयासों से देश भर में चलाए जा रहे वाई-20 एजेंडा फॉर यूथ के तहत सोमवार को ओरिया गांव में शांति पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को जनहित कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। ओरिया ग्राम पंचायत उपसरपंच तरुण सिंह परमार, युवा प्रभाग अधिशासी सदस्य जितेंद्र जावाले की देखरेख में गांव की चौपाल से शांति पदयात्रा आरंभ हुई। परमार ने कहा कि युवा देश का धन है। युवाओं को जनहित के कार्यों में अपनी शक्ति का सदुपयोग करने में आगे आना चाहिए।

### ज्ञानेन्द्र रावत को मिला अमृता देवी स्मृति सम्मान



**अलवर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत को प्रख्यात बलिदानी अमृता देवी की स्मृति में राष्ट्रीय राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। रावत को यह सम्मान थानागाजी तहसील में सालेटा स्थित एल पी एस विकास संस्थान के आश्रम में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया। इस मौके पर आयकर विभाग के पूर्व प्रधान महानिदेशक के.सी. घुमरिया, पूर्व कुलाधिपति सांवरमल झरवाल, राजस्थान सरकार के वित्तीय सलाहकार लीलाराम मीणा, राजस्थान के पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव सुण्डा राम सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

**समारोह:** सिरोही के शिवगंज में राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया नगर पालिका भवन का लोकार्पण

# पानी की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए बनें जागरूक: मिश्र

बेधड़क | सिरोही

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को सिरोही जिले के शिवगंज में नए नगर पालिका भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने शहरों में जल संरक्षण की संस्कृति विकसित किए जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के निवासी पानी की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए जागरूक रहें। आधुनिक समय में जल की बर्बादी को रोकने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से सिरोही जिला बहुत महत्वपूर्ण है। माउंट आबू के अलावा यहां और भी ऐसे बहुत से स्थान हैं, जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जिले में प्राकृतिक पर्यटन से जुड़े ऐसे स्थलों को चिह्नित कर वहां पर्यटन के विकास पर भी बल दिया। राज्यपाल ने शिला पट्टिका का अनावरण करने के बाद फीता काटकर नगर पालिका भवन का लोकार्पण किया और अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिका का नवीन भवन सोलर सिस्टम, वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम और ग्रीन तकनीक को अपनाते हुए पर्यावरण मानकों के अनुरूप तैयार किए जाने पर खुशी जताई।

### योजनाओं से पहुंच रहा लाभ

समारोह में सांसद देवजी एम. पटेल ने कहा कि जिले में आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने जिले में विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग सुनिश्चित करवाने का आश्वासन भी दिया। वहीं मुख्यमंत्री सलाहकार और विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि शिवगंज कस्बे का 169 वर्षों का गौरवशाली इतिहास है और यहां नगर के विकास कार्यों में भामाशाह भी बढ़-चढ़कर योगदान करते हैं। उन्होंने सिरोही जिला मुख्यालय को रेलमार्ग से जोड़ने, केन्द्रीय विद्यालय और केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की।

### जवाई रिवर फ्रंट का अवलोकन

लोकार्पण कार्यक्रम के बाद में राज्यपाल मिश्र ने शिवगंज-सुमेरपुर की सीमा पर निर्मित जवाई रिवर फ्रंट का अवलोकन किया। उन्होंने इसे स्थानीय निवासियों और सैलानियों के लिए विशेष आकर्षण बताते हुए यहां कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना की।

## गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण

बेधड़क | माउंट आबू

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को आबूरोड में नगर सुधार न्यास आबू द्वारा विकसित गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर पुस्तक संस्कृति के विकास के लिए सभी की ओर से मिलकर प्रयास किए जाने का आह्वान किया।




इस अवसर पर सांसद देवजी भाई पटेल, नीरज डांगी और विधायक आबू पिंडवाड़ा समाराम गरासिया की भी विशेष उपस्थिति रही। राज्यपाल सोमवार प्रातः माउंट आबू से सड़क मार्ग द्वारा आबू रोड पहुंचे। वहां पहुंचने पर जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। राज्यपाल ने पुस्तकालय भवन के लोकार्पण के बाद वहां विकसित पुस्तकालय सुविधाओं, वाचनालय आदि का अवलोकन कर पुस्तक संस्कृति के लिए इन्हें महत्वपूर्ण बताया।

**अव्यवस्था:** वाहन चालकों की जेब भी कट रही और समय भी लग रहा

# सेकंडों में टोल टैक्स कटने का दावा, लग रहे 15 से 20 मिनट

निरंजन चौधरी | बेधड़क

**जयपुर।** जयपुर से भरतपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 21 के टोल बूथ पर वाहन चालकों को 15 से 20 मिनट का इंतजार करना पड़ रहा है। इसका कारण है यहां का मिस मैनेजमेंट और स्कैनर मशीन का काम नहीं करना। **सच बेधड़क** संवाददाता ने यहां दो दिन करीब एक- एक घंटा बिताया और यहां की अव्यवस्थाओं को जाना। इस दौरान लंबी कतार में फंसे वाहन चालकों ने फास्ट टैग व्यवस्था पर सवाल उठाए।

वाहन चालकों का कहना है कि फास्ट टैग सुविधा शुरू हुए करीब चार साल का वक्त बीत गया है, मगर ऐसा लगता है जैसे यह व्यवस्था अभी शुरू हुई हो। अधिकतर टोल बूथ पर कमोबेश यही हालात देखने को मिल जाएंगे।

वाहन चालकों कहना था कि नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की ओर से फास्ट टैग नहीं होने की स्थिति में दोगुना टोल तो वसूला जा रहा है, लेकिन सुविधा के नाम पर किए जा रहे तमाम दावे धरातल पर फेल नजर आ रहे हैं।

बेधड़क एक्सक्लूसिव



### मिस मैनेजमेंट, लग रही लंबी कतार

महुवा- सिकंदरा टोल बूथ पर प्रतिदिन आधा किमी. तक वाहनों की लंबी कतार लग रही हैं। मैनेजमेंट की कमी के चलते बिना फास्ट टैग वाली गाड़ियां टैग वाली लाइन में एंट्री कर जाती हैं। इसके बाद बिना फास्ट टैग वाले वाहन चालकों से दोगुना टोल वसूला जाता है। इसे लेकर अक्सर टोलकर्मियों और चालकों में बहस छिड़ जाती है व पैसे के लेन- देन में भी समय लगता है। वहीं टोल पर लगी कई मशीनें सही से कार्य नहीं कर रहीं। इस स्थिति में टोलकर्मी कैबिन से बाहर आकर टैग को स्कैन करता है, इतनी देर में वाहनों की कतार लग जाती है।

### वाहन चालकों को हो रहा नुकसान

टोल बूथ पर कई बार फास्ट टैग स्कैनर से मशीन द्वारा कार्ड स्कैन नहीं होता तो वाहन चालक से दोगुना चार्ज कैश के रूप में वसूला जाता है।कई बार कैश पेमेंट देने के बाद ऑनलाइन पेमेंट भी कट जाता है। जब पेमेंट ऑनलाइन कटता है, तब तक वाहन चालक टोल बूथ से कई किलोमीटर दूर निकल चुका होता है। ऐसे में वाहन चालकों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### ये है गाइडलाइन

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से पिछले वर्ष गाइडलाइन जारी की गई थी। इसके अनुसार प्रत्येक टोल बूथ से 100 मीटर की डिस्टेंस पर पीली पट्टी बनी होनी चाहिए और 100 मीटर अधिक लंबी लाइन में इंतजार करना पड़ता है, तो वाहन चालक बिना टोल दिए भी आगे बढ़ सकते हैं।

> फास्ट टैग कार्ड स्कैनर में आ रही समस्या का प्रमुख कारण ब्लैक लिस्टेड कार्ड हैं। इसके अलावा कई का टोल कार्ड काम नहीं करता है। ऐसे में पीछे वाहनों की कतारें लग जाती हैं। इसको लेकर मेंटेनेंस का काम भी चल रहा है। हम लगातार इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।
>
> **सुरेश शर्मा, शिफ्ट इंचार्ज,** सिकंदरा टोल बूथ

> टोल पर जाम की समस्या आम हो गई है। किसी से शिकायत करो तो मैनेजमेंट के लोग सुनते नहीं हैं। इस समस्या के समाधान के लिए टोल पर लगी क्यूआर कोड स्कैनर मशीनों को बदला जाए, ताकि समय पर टोल कटे और जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके।
>
> **सुरेंद्र धाकड़**, वाहन चालक



> फास्ट टैग का क्या मतलब है, जब टोल पर 20 मिनट से भी अधिक का समय लग रहा है। न यहां कोई व्यवस्था है, स्कैनर प्रॉपर काम नहीं करता तो इसमें हमारी क्या गलती है। जिस वजह से यह समस्या आ रही है। उसे जल्द सुधारा जाए।
>
> **विशाल बंसल**, वाहन चालक



**कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र** की घटना

## 12वीं मंजिल से गिरी युवती की हुई मौत

बेधड़क | कोटा

शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में 12वीं मंजिल से गिरकर एक युवती की मौत का मामला सामने आया है। युवती घरों में साफ-सफाई का काम करने के लिए मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में जाती थी।

सोमवार सुबह करीब 8:30 से 9 बजे के बीच यह घटना घटित हुई है। इसके बाद लोगों ने एंबुलेंस को मौके पर बुलाया और युवती को लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां के डॉक्टरों ने परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान 22 वर्षीय मुस्कान के रूप में हुई है।



मुस्कान साफ-सफाई के काम के साथ-साथ 12वीं की पढ़ाई भी कर रही थी।

इस मामले में कोटा की पुलिस जांच पड़ताल कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि ये हादसा था या फिर युवती ने सुसाइड किया है।

## सूबेदार घनश्याम शर्मा का किया नागरिक अभिनंदन

बेधड़क | खेतड़ी

भारतीय सेना में गलवान घाटी में तैनात सूबेदार घनश्याम शर्मा का शनिवार को उनके पैतृक गांव सिहोड में नागरिक अभिनंदन किया गया।

अभिनंदन समारोह में राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेश सचिव डॉ. एस.पी. यादव, पीपल बाबा गोपाल कृष्ण शर्मा, निर्मल गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, मुरारी शर्मा, लीलाधर सैनी, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, रामेश्वरलाल यादव, पवन कौशिक, विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष ईश्वर पांडे, फाउंडेशन के युवा प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष निकेश पारीक, संजय सुरोलिया, योगेश शास्त्री, नरेश शर्मा, राजेंद्र सुरोलिया, पवन कुमार शर्मा, अमित सैनी, अंकित शास्त्री, सुनील सैनी व शौर्य प्रताप यादव विशिष्ट अतिथि थे।

**कार्रवाई:** सीआईडी ने पकड़ी मादक पदार्थ की बड़ी खेप

## एक करोड़ 83 लाख रुपए का गांजा बरामद, पांच गिरफ्तार

बेधड़क | भीलवाड़ा

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की बड़ी खेप पकड़ी है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने उड़ीसा से तस्करी कर लाया जा रहा 182 किलो गांजा बरामद कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ 83 लाख रुपए है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा और भीलवाड़ा से अटैच कांस्टेबल गोपाल लाल, विजय सिंह की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। इस मामले में तस्कर संजय जाट पुत्र सुखलाल निवासी भीलवाड़ा, शिव लाल जाट पुत्र डाल चंद निवासी राजसमंद, लोकेश जाट पुत्र जयसिंह निवासी भीलवाड़ा, राजेन्द्र उर्फ राजू जाट पुत्र गोपी लाल जाट निवासी भीलवाड़ा, निर्मल आचार्य पुत्र प्रेम चन्द निवासी भीलवाड़ा को अवैध मादक पदार्थ समेत गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त की गई दो गाड़ी भी जब्त की गई हैं।



**टोंक में हादसा:** अंधड़ में टूटे बिजली के तार बने काल

## करंट लगने से दो की मौत, 2 लोग झुलसे

बेधड़क | टोंक

जिले की अहमदपुरा चौकी गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से दो युवकों को अपनी जान गवानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह खेत में काम करते समय अहमदपुरा चौकी गांव निवासी सोनू मीना (19) और दिलकुश मीना (22) की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, इन दोनों को बचाने में सोनू के पिता महावीर मीना (45) और अर्जुन मीना (50) गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा कि करीब 15 दिन पहले आए तेज अंधड़ में बिजली के तार टूट गए थे। जिसकी चपेट में आने से दो युवकों की झुलसने से मौत हो गई। वहीं गुस्साए परिजन शव नहीं लेने पर अड़ गए। आखिरकार निगम के अधीक्षण अभियंता अस्पताल पहुंचे और मुआवजा व कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शव लेने पर राजी हुए।



### शादी समारोह में करंट से 8 झुलसे

**सिरोही।** जिले के रेवदर स्थित सालोतरा के खारिया में विवाह समारोह में करंट की चपेट में आने से कई लोग झुलस गए। इनमें 2 बालिकाएं समेत 8 लोग शामिल हैं। रेवदर थाना हेड कांस्टेबल किशनलाल ने बताया कि रविवार रात को एक विवाह समारोह आयोजित हो रहा था। पास में ही स्थित एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई, जिसके बाद विवाह वाले घर में शॉर्ट सर्किट से करंट फैल गया और कई लोग झुलस गए।

**देवस्थान मंत्री डॉ. शकुंतला रावत का अजमेर दौरा**

# रिपीट होगी कांग्रेस सरकार, जनता के हित में बनती रहेंगी योजनाएं: रावत

बेधड़क | अजमेर

उद्योग, वाणिज्य और देवस्थान मंत्री डॉ. शकुंतला रावत ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर नागरिक में ईश्वरत्व का अनुभव कर योजनाएं बनाते हैं। सरकार प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के बारे में भी कार्य कर रही है।

इसी के चलते खाटू श्याम, बेणेश्वर धाम, केला देवी में कॉरिडोर के निर्माण करवाए गए हैं। मंत्री डॉ. शकुंतला रावत सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचीं। यहां तीर्थ नगरी पुष्कर में उन्होंने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर गुर्जर समाज के भुना जी मंदिर में माथा टेका। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चिरंजीवी भवः को सार्थक किया है। हर व्यक्ति को निशुल्क इलाज की व्यवस्था दी गई है। बिजली में बड़ी राहत दी है।

बालिकाओं के लिए ड्रेस फ्री, कन्यादान योजना, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। महंगाई राहत के लिए सीएम की बनाई गई योजनाओं से हर घर को लाभ मिल रहा है। बचत बढ़त और राहत, सेवा ही परमो धर्मः को साकार करने का काम कांग्रेस कर रही है। प्रदेश में 2023 में कांग्रेस की सरकार बनेगी और जनता के हित में ऐसी योजनाएं बनती रहेंगी। इस दौरान आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक गोपाल बाहेती सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



### अजमेर उद्यम स्थापना में अग्रणी: राठौड़

निवेश प्रस्तावों की समीक्षा बैठक में आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने जिले के औद्योगिक विकास के लिए नए उद्यमों को धरातल पर तत्काल आरम्भ करने की आवश्यकता बताई। इसके लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गतिविधियां की गई थीं। परिणामों के कारण अजमेर जिला उद्यम स्थापना में अग्रणी है। निवेश प्रस्तावों की समीक्षा बैठक में नए उद्यमों की स्थापना से रोजगार बढ़ाने के बारे में विचार विमर्श किया गया।

### निवेश प्रस्तावों पर प्रगति की समीक्षा

मंत्री शकुंतला रावत ने अजमेर में राजस्थान इन्वेस्ट के तहत किए जा रहे कार्य की समीक्षा की। इस दौरान रावत ने कहा कि जिले में इन्वेस्टमेंट समिट के कार्यक्रम के दौरान 5702 करोड़ के 267 एमओयू तथा 15,380 करोड़ के 104 एलओयू हुए थे। इनसे 72 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिलने की सम्भावना है। इनमें से 148 का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही 80 उद्यमों स्थापना प्रगतिरत है। जिले में 60 उद्यमों ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि ऐसे 5-7 काम लंबित हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे उद्यमियों को भी स्थापित करने के लिए उनकी कागजी कार्रवाई पूरी की जाए।

### देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले मंदिरों को 593 लाख रुपए किए आवंटित

रावत ने कहा कि प्रदेश की जनता की धार्मिक भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले 593 मंदिरों के लिए 593 लाख रुपए आवंटित किए हैं, जिनसे मंदिरों में भगवान की पोशाक और रखरखाव के कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। वही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा की योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अब तक 20 हजार वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई गई है। आगामी समय में 40,000 वरिष्ठ जनों को यात्रा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### श्मशान के लिए भूमि आवंटन की मांग रखी

उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने पुष्कर के गायत्री मन्दिर एवं श्री भूणां जी मन्दिर में भी दर्शन किए। यहां मन्दिर कार्यकारिणी के साथ तीर्थ स्थल के विकास के सम्बन्ध में चर्चा की गई। स्थानीय नागरिकों ने गुर्जर आस्था के अनुसार श्मशान भूमि आवंटन की मांग रखी। इसके बाद श्री प्रेमप्रकाश आश्रम स्थित माधेश्वर महादेव मन्दिर में दुग्धाभिषेक किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, सौरभ बजाड़, नौरत गुर्जर, नवीन कच्छावा, संजय पाराशर, सर्वेश पारीक, ओम डोल्या, बैद्यनाथ पाराशर, अरुण पाराशर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का UNFPA के साथ एमओयू, प्रशिक्षण सत्रों में डवलप होगी स्टूडेंट्स की स्किल

# हैल्थ, जेंडर और सामाजिक सरोकारों के मुद्दों को समझेंगे भावी पत्रकार

**बेधड़क** | जयपुर

मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों की पढ़ाई कर रहे हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की मदद से अपनी हैल्थ, जेंडर और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों से संबंधित स्किल्स पर बेहतर ढंग से काम कर पाएंगे।

इस संबंध में एचजेयू और यूएनएफपीए के बीच सोमवार को एक एमओयू साइन किया गया। शिक्षा संकुल स्थित एचजेयू के प्रशासनिक परिसर में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की कंट्री हेड एंड्रिया वोयनार और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने इस एमओयू पर साइन किए। समझौते के तहत यूएनएफपीए की ओर से विद्यार्थियों के लिए लैंगिक मुद्दों, जनसांख्यिकी और किशोरों के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि यूएनएफपीए संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था



है, जो जेंडर, महिला एवं बाल अधिकारों और स्वास्थ्य के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में काम करती है। बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से यह संस्था राष्ट्रीय स्तर पर विकास कार्यों में सहभागिता निभाती है।

#### 'मीडिया का बदल रहा है स्वरूप'

यूएनएफपीए की कंट्री हेड एंड्रिया वोयनार ने इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया का स्वरूप लगातार बदल रहा है। मीडिया के सहयोग के बिना सामाजिक बदलाव संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जेंडर संबंधी केवल 18 प्रतिशत खबरों में संदर्भ होता है। मीडिया में महिला पत्रकारों की संख्या भी काफी कम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एचजेयू के साथ एमओयू से जेंडर संबंधी मुद्दों की समझ रखने वाले बेहतरीन पत्रकार तैयार करने में मदद मिलेगी।

#### 'सामाजिक मुद्दे उठाना मीडिया की जिम्मेदारी'

एचजेयू की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना मीडिया की नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे में भावी पत्रकारों में जेंडर, महिला एवं बाल विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति चेतना बहुत ही महत्वपूर्ण है। यूएनएफपीए और एचजेयू का यह समझौता सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार मीडियाकर्मी तैयार करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## Yuva स्टोरीज



### रावत एजुकेशनल ग्रुप को एक्सीलेंस इन इनोवेशन अवॉर्ड

**बेधड़क जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप को 'एक्सीलेंस इन इनोवेशन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सीतापुरा स्थित एक होटल में आयोजित एजुकेशन समिट में ग्रुप को यह अवॉर्ड दिया गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, सांसद रामचरण बोहरा व विधायक रफीक खान ने 40 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ये अवॉर्ड रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत और निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को दिया। इस अवसर पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक और अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने एनईपी एजुकेशन 4 पर आयोजित पैनल डिस्कशन में भाग लिया। उन्होंने डिस्कशन में इनोवेटिव और टेक्निकल एजुकेशन के बारे में अपने सुझाव दिए।



### India@2047 और एन-लीप पर वर्कशॉप आज से

**बेधड़क जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में India@2047 और 'एनआईटी-लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम एन-लीप' पर दो दिवसीय वर्कशॉप मंगलवार को शुरू होगी। पहले दिन India@2047 के तहत चुनौतियों, अवसर और रोडमैप पर चर्चा होगी। इस दौरान एक्सपर्ट्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण और एनईपी-2020 के संदर्भ में भारत सरकार भारत की कार्य योजना और विजन दस्तावेज India@2047 की तैयारी पर विचार करेंगे। बुधवार को एनआईटी उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित होने वाली 'एनआईटी-लीडरशिप फॉर एकेडमिशियन प्रोग्राम, एन-लीप' पर आधारित वर्कशॉप में एन-लीप के उद्देश्यों पर बात की जाएगी। इस वर्कशॉप का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में लीडर्स के रूप में भविष्य की शासन भूमिकाओं के लिए वरिष्ठ संकाय, डीन, विभागाध्यक्ष तैयार करने की लंबे समय से चल रही आवश्यकता को पूरा करना, फैकल्टी को कल के योग्य अकादमिक लीडर में बदलना और समस्या को सुलझाने के कौशल, टीम निर्माण कार्य, संघर्ष प्रबंधन आदि का खाका बनाना शामिल है।

### नेशनल स्कूल गेम्स: हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# केशव की 'हैवी' परफॉर्मेंस, गोल्ड मेडल के साथ मिला बेस्ट का तमगा

**बेधड़क** | जयपुर

66वें नेशनल स्कूली गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन लगातार जारी है। नई दिल्ली में बीकानेर के केशव बिस्सा ने वेटलिफ्टिंग की हैवीवेट कैटेगरी (102 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग) में गोल्ड मेडल जीता है। केशव को सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी का खिताब भी मिला है।

वहीं भरतपुर के वीर प्रताप सिंह ने ताइक्वांडो 78 किलोग्राम वर्ग में और चूरू की सपना ने कुश्ती में दो रजत पदक प्रदेश की झोली में डाले हैं। भोपाल के तांत्या टोपे खेल स्टेडियम में श्रीगंगानगर के आकाश जूडो 81 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान को रजत पदक



दिलाया। इसके अलावा बैडमिंटन, जूडो और कबड्डी में खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज जीते हैं।



#### इन्हें मिले ब्रॉन्ज

ग्वालियर में वंश शर्मा, आदित्य राजोरिया और कार्तिक जैन ने बैडमिंटन की टीम स्पर्धा में ब्रॉन्ज जीता। भोपाल में कोटा के धर्मा मारू ने जूडो 45 किलोग्राम में, श्रीगंगानगर के आकाश ने जूडो 81 किलोग्राम में कांस्य पदक जीते। जूडो में ही भीलवाड़ा की नेहा चौधरी और श्रीगंगानगर के सौरभ सोनी ने भी ब्रॉन्ज जीतकर अपना का सफर समाप्त किया।

#### केशव ने उठाया कुल 288 किलो वेट

नई दिल्ली से खेलकूद प्रभारी अशोक व्यास ने बताया कि त्यागराज स्टेडियम में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बीकानेर के चायनान पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट केशव बिस्सा ने क्लीन एंड जर्क में 156 किलोग्राम और स्नेच में 132 किलोग्राम भार उठाकर गोल्ड जीता। राजस्थानी दल के चीफ डे मिशन सुनील बोड़ा, प्रशिक्षक राजेश मित्तल, विशाल पारीक व मैनेजर राकेश पुरोहित और मनीषा कोचर सहित पूरे दल में इस उपलब्धि से खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

### CSE प्रीलिम्स में 14624 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट




**जयपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सिविल सेवा और भारतीय वन सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा-2023 दे चुके 12 लाख से ज्यादा छात्रों का रिजल्ट का इंतजार सोमवार को परीक्षा के दो सप्ताह बाद ही खत्म हो गया।

यूपीएससी ने प्रीलिम्स-2023 का रिजल्ट सोमवार को घोषित कर दिया। रिजल्ट के अंतर्गत 14 हजार 624 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी मेन्स एग्जाम में शामिल होंगे, जो 15 सितंबर को होना निर्धारित है। प्रीलिम्स हाल ही 28 मई को आयोजित की गई थी।

## कॉम्पिटिशन में दिखा सीए स्टूडेंट्स का टैलेंट



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा की ओर से सीए छात्रों के लिए सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च-2023 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एलोक्यूशन प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने विभिन्न विषयों पर विचार रखे। वहीं पिच डेक प्रतियोगिता में अपने आइडिया और बिजनेस प्रपोजल्स को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए विकास यादव ने बताया कि इस टैलेंट सर्च का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों के कौशल को बढ़ाना है।

#### ये रहे विनर्स

एलोक्यूशन प्रतियोगिता में सीए लोकेश अग्रवाल, सीए प्रियंका बजाज और सीए आशुतोष लाटा जज थे, इन्होंने खुशी चौमल और खुशी लाहोटी को विजयी घोषित किया। पिच डेक में जज सीए पवन भाटिया, सीए अमित सांभरिया और सीए अंकित शर्मा ने वैदेही दुसाद, शुभम दीक्षित और चिराग नवलखा की टीम को विजयी घोषित किया। विजयी छात्र क्षेत्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में जयपुर शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगे।




राजस्थान सरकार

"प्रदेश के मेधावी युवा अपनी स्किल्स को बढ़ा कर राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें, इस दृष्टि से विश्व के प्रसिद्ध उच्च शिक्षण संस्थानों में उन्हें अध्ययन के अवसर देने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई है। इस वर्ष से इस योजना को और सुदृढ़ करते हुए 500 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।"

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री

राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस

500 विद्यार्थियों को सरकारी खर्च पर विदेशों के सर्वोत्तम 150 विश्वविद्यालयों / संस्थानों में पढ़ाई का अवसर

ऑनलाइन आवेदन दिनांक 09/06/2023 से प्रारंभ

- 30% सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित
- 8 लाख रुपए से कम सकल वार्षिक पारिवारिक आय वालों को प्राथमिकता
- आवेदन, चयन एवं भुगतान की संपूर्ण प्रक्रिया पोर्टल द्वारा

पोर्टल 15.01.2024 तक खुला रहेगा, मूल्यांकन चार चरणों में
प्रथम चरण मूल्यांकन: दिनांक 30 जून 2023

योजना संबंधी दिशा निर्देश
https://hte.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध

संपर्क - rgs.cce@rajasthan.gov.in
rgs.cce.info@gmail.com

उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद


### जेईसीआरसी | एडमिशन के लिए 6500+ आवेदन

# इस बार ट्रेंड में हैं इंडस्ट्री स्पेसिफिक कोर्स

**बेधड़क** | जयपुर

नए एजुकेशन सेशन की शुरुआत से पहले सभी यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों में एडमिशन्स का दौर चल रहा है। यूनिवर्सिटीज में इस बार इंडस्ट्री स्पेसिफिक कोर्स डिमांड में हैं। स्टूडेंट्स में प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए विशेष रुझान देखने को मिल रहा है।

जेईसीआरसी में सत्र 2023-24 के लिए एडमिशन और काउंसलिंग प्रक्रिया ऑफलाइन और ऑनलाइन चल रही है।

नवीन सत्र के लिए 6500 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जो पिछली बार से 35 फीसदी अधिक हैं। स्टूडेंट्स बेहतर कॅरियर के लिए काउंसलिंग ले रहे हैं। लॉ, डिजाइन, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, होटल मैनेजमेंट, फॉरेंसिक साइंस जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए स्टूडेंट्स में रुझान देखने को मिल रहा है।




#### ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स से मिलाया हाथ

जेईसीआरसी ने इस बार स्टूडेंट्स के ओवरऑल डवलपमेंट और बेहतर कॅरियर अपॉर्च्युनिटीज के लिए कई ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स से हाथ मिलाया है। इनमें गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट, सेल्सफोर्स, सीमेंस, एल एंड टी, अमेजन वेब सर्विसेज, आईबीएम, आईएसडीसी-यूके, एडोब, टीसीएस, टेक महिंद्रा, ईसी काउंसिल, जेबिया, सेमेट्रिक्स, यूआईपाथ, डीएक्ससी टेक्नोलॉजी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और ऑटोमेशन एनीव्हेयर जैसी कंपनियां शामिल हैं। जेईसीआरसी के डिजिटल स्ट्रेटजी हेड धीमंत अग्रवाल ने बताया कि इन मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ मिलकर इस सत्र में कई नए कोर्स भी शुरू किए गए हैं। ये सभी कोर्स इन्हीं कंपनियों की ओर से भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट तरीके से डिजाइन किए गए हैं। इन कोर्सेज के माध्यम से स्टूडेंट्स को विश्वस्तरीय पढ़ाई का मौका मिलेगा। जेईसीआरसी के अलग अलग कोर्सेज के लिए राजस्थान के साथ ही देश के अन्य राज्यों से भी स्टूडेंट्स की बड़ी संख्या में क्वेरीज आई हैं।

पहलवानों का आंदोलन

# कुछ निष्कर्ष यह भी सामने आए



तनवीर जाफ़री
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*“पुलिस ने पहलवानों व उनके कई समर्थकों के विरुद्ध भी मामले दर्ज किए। अभी खिलाड़ियों का यह आंदोलन और उनके समर्थन में किसानों व विभिन्न खाप पंचायतों की जगह-जगह बैठकों का दौर चल ही रहा था कि इसी बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट कर आंदोलनकारी किसानों को बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया। अगले ही दिन आंदोलनकारी पहलवानों का एक दल खेल मंत्री से मिलने उनके निवास जा पहुंचा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें आश्वासन दिया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध चल रही जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी।”*

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के आपराधिक पृष्ठभूमि रखने वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी सहित अनेक मांगों को लेकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चलाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों का धरना/आंदोलन फिलहाल स्थगित हो गया है। बृजभूषण पर ओलम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस ने यौन शोषण व पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया था।

दिल्ली पुलिस द्वारा इतने गंभीर मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद एफआईआर दर्ज करने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न किए जाने से आहत ओलम्पिक पहलवान जंतर मंतर पर धरने पर बैठ गए थे। यह आंदोलन किसानों के समर्थन से एक बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा था। इसी बीच 28 मई को जब नए संसद भवन का उद्घाटन हो रहा था, उसी दिन पहलवानों की ओर से नए संसद भवन पर ही महिला पंचायत भी बुला ली गई। उस दिन भी दिल्ली में खिलाड़ियों, उनके समर्थकों व पुलिस के बीच काफी रस्सा कशी रही। नए संसद भवन तक पहुंचने के लिए पहलवानों के समर्थन में आए किसान व तमाम अन्य लोग पुलिस बैरिकेड्स पर चढ़ गए, उसे घसीटने व धकेलने लगे। इस संबंध में पुलिस ने पहलवानों व उनके कई समर्थकों के विरुद्ध भी मामले दर्ज किए। अभी खिलाड़ियों का यह आंदोलन और उनके समर्थन में किसानों व विभिन्न खाप पंचायतों की जगह-जगह बैठकों का दौर चल ही रहा था कि इसी बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट कर आंदोलनकारी किसानों को बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया। अगले ही दिन आंदोलनकारी पहलवानों का एक दल खेल मंत्री से मिलने उनके निवास जा पहुंचा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें आश्वासन दिया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध चल रही जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

*यौन शोषण व बलात्कार के देश भर में रोज घटित होने वाले तमाम मामलों में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार करने के बाद चूंकि हर पीड़िता व उसका परिवार मात्र प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निचली अदालतों, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के द्वार नहीं खटखटा सकता, इसलिए न जाने कितने आरोपी रोज ही बच जाते होंगे और कितनी ही पीड़िताओं को न्याय नहीं मिल पाता होगा।*

शीर्ष पहलवानों के दल के साथ बातचीत करने के बाद अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठाकुर ने स्वयं कहा कि “मैंने पहलवानों के साथ 6 घंटे की लंबी चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष पद के लिए अगला चुनाव 30 जून तक कराया जाएगा। पहलवानों के विरुद्ध 28 मई को दर्ज की गई सभी प्राथमिकी वापस ली जाएंगी।” कुश्ती महासंघ की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी।’ खेल मंत्री की ओर से पहलवानों को दिए गए इस आश्वासन के बाद पहलवानों ने 15 जून से पहले कोई नया विरोध प्रदर्शन नहीं करने का वादा किया। बाद में पहलवानों के अपनी सरकारी ड्यूटी पर जाने की भी खबरें आईं और यह खबर भी आई कि यह पहलवान निकट भविष्य में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी अपनी तैयारियां शुरू कर देंगे। परन्तु खेल मंत्री व पीड़ित पहलवानों की बातचीत के बाद एक बार फिर इस घटनाक्रम ने एक और नया मोड़ तब ले लिया, जब ओलंपियन साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने कहा कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 16 और 17 जून को इस मुद्दे पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति पुनः तैयार की जाएगी। साथ ही साक्षी मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि वे एशियाई खेलों में भी तभी भाग लेंगे, जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा।

दरअसल, खेल मंत्री द्वारा 15 जून तक चार्जशीट दाखिल करने के वादे के पीछे एक तकनीकी पेंच यह भी था कि 15 जून को अदालत में चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस के हाथ से बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी अदालत के कार्यक्षेत्र का विषय हो जाती और पुलिस व सरकार इससे अपना पल्ला झाड़ लेती। अब 15 जून के बाद क्या होगा, यह देखना भी दिलचस्प होगा। परन्तु इस पूरे दुखदाई व शर्मनाक घटनाक्रम से कुछ निष्कर्ष तो स्पष्ट रूप से निकाले ही जा सकते हैं। एक तो यह कि इतने हाई प्रोफाइल स्तर की अंतरराष्ट्रीय पहलवानों द्वारा उनके साथ किए गए यौन शोषण की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

पुलिस में अपनी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पहलवान लड़कियों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद ही पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद दूसरी शर्मनाक बात यह कि पॉक्सो एक्ट सहित यौन शोषण की विभिन्न धाराओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। न ही आरोपी से सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से उसका इस्तीफा तलब किया। जबकि आरोपी कहता रहा कि सरकार या पार्टी जब भी कहेगी मैं इस्तीफा दे दूंगा। सवाल यह है कि बेटियों को पढ़ाने व बचाने का नारा देने वाली सरकार के रहते जब इतनी हाई प्रोफाइल शोषित लड़कियों की सुनवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई और उन्हें सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा, तो पूरे देश में आए दिन इस तरह की घटनाओं में क्या कुछ होता होगा, इस बात का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी को अब तक गिरफ्तार न किया जाना तो इस बात की तरफ साफ इशारा करता है कि पुलिस का रवैया आरोपी के प्रति पक्षपात पूर्ण था न कि शिकायतकर्ता मेडलिस्ट पहलवानों के प्रति न्याय देने वाला।

न्याय व्यवस्था की एक मशहूर कहावत है ‘justice delayed justice denied’ यानी न्याय में देरी का अर्थ है न्याय से इनकार। इस मामले में भी वही होता दिखाई दिया। पुलिस ने जिस खिलाड़ी की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, इतना समय बीत जाने व आरोपी के गिरफ्तार न होने के कारण उस शिकायतकर्ता को आरोपी द्वारा कथित तौर पर आखिरकार ‘मैनेज’ कर ही लिया गया। खबरों के अनुसार उस नाबालिग पीड़िता व उसके पिता दोनों ने अपना बयान बदल दिया। ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ का नारा देने वाली सरकार का देश की गौरव रूपी बेटियों के साथ न्याय का क्या यही पैमाना है? इस पूरे मामले में यह निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं कि आरोपी यदि सत्ता पक्ष का है, बाहुबली है और रसूखदार व वोटों के नजरिए से सत्ता के लिए लाभप्रद है तो इस तरह की गंभीर शिकायतों की भी अनदेखी की जा सकती है।

यह भी कि यौन शोषण व बलात्कार के देश भर में रोज घटित होने वाले तमाम मामलों में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार करने के बाद चूंकि हर पीड़िता व उसका परिवार मात्र प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निचली अदालतों, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के द्वार नहीं खटखटा सकता, इसलिए न जाने कितने आरोपी रोज ही बच जाते होंगे और कितनी ही पीड़िताओं को न्याय नहीं मिल पाता होगा। हर पीड़िता न तो आंदोलन कर सकती है, ना ही न्याय के लिए इतना संघर्ष कर सकती है। नतीजतन देश में बलात्कार व यौन शोषण की घटनाओं में निरंतर इजाफा होता जा रहा है। पहलवान आंदोलन से निःसंदेह कुछ निष्कर्ष तो यह भी निकलकर सामने आते ही हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# शेयर बाजार का मारा



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

वह शेयर बाजार का मारा था। इसलिए बेचारा था। शेयर बाजार में पिटे हुए आदमी और किसी भी जुआरी की स्थिति लगभग समान होती है। दोनों यही सोचते हैं कि बस अब जीते कि अब जीते। जीतते तो वे क्या हैं, जो जीता होता है उसे भी गंवा डालते हैं। शेयर बाजार में कूदे हुए आदमी की तुलना आप चाहें तो भेड़ से कर सकते हैं। एक भेड़ जिधर रास्ता नापती है, एक के बाद एक सारी भेड़ें उस रास्ते को नापने लगती हैं।

जब आदमी इस बाजार में घुसता है तो उस सांड की तरह हावभाव दिखाता है, जो स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग के बाहर लगा रहता है। लेकिन कुछ दिन बीतते-बीतते वह सांड उसके लिए मिमियाती बकरी में बदल जाता है और वह स्वयं को भी उसी स्थिति में पाता है। शेयर मार्केट में हर कोई ‘झुनझुनवाला’ बनना चाहता है, पर मार्केट अक्सर उसको झुनझुना थमा देता है और वह झुनझुनवाला की जगह ‘झुनझुने वाला’ नजर आने लगता है। वैसे भी सेंसेक्स नेताओं के ईमान की तरह गया-गुजरा हो गया है, उसके स्वभाव का पता नहीं चलता कि वह कितना गिरेगा। सेंसेक्स चढ़ता है तो आदमी सोचता है कि हाय उसने शेयरों में पैसा इन्वेस्ट क्यों नहीं किया। थोड़े दिन होते-होते जब इंडेक्स नीचे आ जाता है तो वही आदमी सोचता है, अच्छा हुआ भैये, जो शेयरों में पैसा नहीं लगाया। लेकिन सेंसेक्स का क्या है। वह फिर चढ़ जाता है।

अब आदमी परेशान कि मुए उस वक्त बाजार में कूद लिए होते तो आज अपने भी वारे-न्यारे हो जाते। सेंसेक्स ऊपर-नीचे होता रहता है और आदमी का दिमाग भी। इसी कशमकश के बीच जो शेयर बाजार में कूदता है, उसे इसे बाजार के मारे या पिटे हुए आदमी का दर्जा दिया जाता है। देश का नब्बे प्रतिशत शेयर बाजार ऐसे ही भटके हुओं की अजीब दास्तान है। वे उन तमाम ऊंची कंपनियों के शेयरों की बात करेंगे कि उसका शेयर कहां से कहां पहुंच गया और उसे लेने वाले लोग करोड़पति-अरबपति बन गए, लेकिन उसके खुद के शेयर की स्थिति क्या है, वह इस पर बात नहीं करेगा।

वह अपने शेयर की माली हालत से वाकिफ होता है। जिसके दाम इतने नीचे आ गए होते हैं कि किसी को बताने का मतलब है, खुद की किरकिरी कराना। सदियों से कहा जाता रहा है कि लालच बुरी बला है, पर इस बाजार में घुस आए आदमी को लालच ही सबसे ज्यादा मारता है। ‘बेचूं कि न बेचूं...’ इन चार छुटके शब्दों में शेयर बाजार का सारा खेल हो जाता है। दो-चार प्रतिशत ही इन शब्दों की भूलभुलैया से बच पाते हैं, बाकी की स्थिति धोबी के कुत्ते की तरह हो जाती है। वे घर के न घाट के रहते हैं। वे जब तक यह समझें कि तेजड़िए और मंदड़िए क्या बला है, खुद को लुटा-पिटा पाते हैं। बहरहाल, ऐसे मौके पर मुझे स्वर्गीय कवि प्रदीप का एक गीत याद आ रहा है, ‘हमने जग की अजब तस्वीर देखी... इक हंसता है दस रोते हैं...।’ शेयर बाजार में यह आंकड़ा बदल जाता है। वहां एक हंसता है, सौ रोते हैं।

इधर जनाब मार्क ट्वेन खूब कहकर गये हैं कि अक्टूबर, शेयरों में निवेश करने के लिए विशेष रूप से खतरनाक महीनों में से एक है। अन्य खतरनाक महीने जुलाई, जनवरी, सितंबर, अप्रैल, नवंबर, मई, मार्च, जून, दिसंबर, अगस्त और फरवरी हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जो भी काम करने की जरूरत है, जो भी अवसर आपके पास आता है, जो कुछ भी आपको साझा करना है - यह समय है, कल नहीं।



**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
जो ईश्वर को सब जगह देखता है और सब कुछ ईश्वर में देख सकता है उसके लिए न तो ईश्वर कभी अदृश्य होता है और न वह ईश्वर के लिए कभी अदृश्य होता है।



**उज्ज्वल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
वक़्त कभी थकता नहीं, वक़्त कभी रुकता नहीं, वक़्त उधार रखता नहीं, वक़्त एक सा रहता नहीं, सबका वक़्त आता है और वक़्त बदल जाता है।



**जया किशोरी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@iamjayakishori
हमारे मनमोहक मनी प्लांट के साथ प्रचुरता और समृद्धि अनलॉक करें!



**बीके शिवानी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@bkshivani
जब कोई हमारा अपमान करता है, धोखा देता है, तो मन कहता है - “हम उनको क्यों क्षमा करें ?” बात पकड़ कर रखना, उसको बार बार दोहराना, दर्द हमें देता है उन्हें नहीं। हमें क्षमा उनके लिए नहीं, अपने सुख के लिए करना है। उनका व्यवहार चित्त पर रखने से, औरों को सुनाने से, हमारे संस्कार और हमारी सेहत, दोनों ओर असर पड़ता है।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
बचपन भी कमाल का था... खेलते-खेलते चाहे छत पर सोएं या जमीन पर आंख बिस्तर पर ही खुलती थी।

**नॉलेज कॉर्नर:** तेरह उपनिवेशों की रही राष्ट्रीय मुद्रा

# दसवीं सबसे महंगी करेंसी है ‘डॉलर’

दैनिक जीवन में किसी भी सामान को खरीदने व बेचने के लिए मुद्रा की आवश्यकता होती है। मुद्रा से किसी भी वस्तु को खरीदा जा सकता है। इसके अभाव में व्यक्ति का जीवन मुश्किल माना जा सकता है। मुद्रा किसी भी रूप में हो सकती है, जैसे- सिक्के या नोट। हर देश की मुद्रा अलग होती है। जिस तरह भारत की मुद्रा को रुपया कहा जाता है, उसी तरह विभिन्न देशों की मुद्रा को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। अमेरिका की मुद्रा को डॉलर कहा जाता है। यूं तो दुनिया की सबसे मंहगी मुद्रा कुवैत की दीनार है, लेकिन भारतीय रुपए के मुकाबले अमेरिकी डॉलर भी काफी महंगा है।डॉलर के बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## डॉलर का इतिहास

अमेरिकी डॉलर का इतिहास 18वीं शताब्दी से जुड़ा है। इस दौरान स्पेन के उपनिवेशों नें स्पेनी डॉलर का इस्तेमाल किया। उस समय स्पेनी डॉलर को ही मुख्य मुद्रा के रूप में काम में लिया जाता था। यह अमेरिका में वित्त और वाणिज्य की रीढ़ की हड्डी हुआ करती थी। बाद में इसके नाम से स्पेनी का प्रयोग कम हो गया और इस तरह अमेरिका की राष्ट्रीय मुद्रा का नाम डॉलर पड़ गया। इसका महत्व उस समय अधिक हो गया, जब वर्ष 1775 में अमेरिकी क्रान्ति हुई। इस दौरान स्पेनी मुद्रा के सिक्कों का महत्व बढ़ता गया।



दरअसल क्रांतिकारियों की मांग थी कि प्रत्येक उपनिवेश की अपनी अलग अधिकृत मुद्रा हो तथा इसे कॉन्टिनेंटल कांग्रेस का समर्थन प्राप्त हो। डॉलर शब्द उपयोग इस क्रान्ति के 200 वर्ष पूर्व से किया जा रहा था, इसका उल्लेख शेक्सपियर ने अपने कई नाटकों में भी किया था। यह तेरह उपनिवेशों की मुद्रा थी, जो कि बाद में संयुक्त राज्य अमेरिका बना।

## अमेरिकी राष्ट्रीय मुद्रा

डॉलर संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय मुद्रा है। दुनिया की सबसे महंगी मुद्रा में डॉलर दसवें स्थान पर है, जिस प्रकार 1 रुपए में 100 पैसे होते हैं, उसी प्रकार एक डॉलर में सौ सेंट होते हैं। यहां अलग-अलग सेंट के सिक्के मिलते हैं। इन्हें अलग-अलग नामों से जाना जाता है। ठीक उसी तरह जिस तरह 50 पैसे को आठ आना तथा 25 पैसे को चार आना कहते हैं। अमेरिकी डॉलर के हिसाब से पचास सेंट के सिक्के को आधा डॉलर कहते हैं। इसके अलावा पच्चीस सेंट के सिक्के को क्वार्टर, दस सेंट के सिक्के को डाइम तथा पांच सेंट के सिक्के को निकॅल कहते हैं। एक सेंट को पैनी कहा जाता है। इसके अलग-अलग नोट 2, 5, 10, 20, 50 और 100 डॉलर के रूप में मिलते हैं।

**चिह्न $ में US को दर्शाया है**

*पुराने अमेरिकी डॉलर को ‘स्पेनी मिल्ड डॉलर’ कहा जाता था। प्रारंभिक दिनों में डॉलर उस सिक्के को समझा जाता था, जिसे स्पेन द्वारा विकसित किया गया था। उस समय ये सिक्के अमेरिका की मानक मुद्रा के रूप में उपयोग में लिए जाते थे। डॉलर का चिह्न $ है। अमेरिकी डॉलर के इस चिन्ह में US को दर्शाया गया है।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव: निर्वाचन आयोग ने कलकत्ता हाई कोर्ट में कहा-**

# एक दिन बढ़ सकती है नामांकन पत्र दाखिल करने की तारीख

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को बताया कि वह पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर 16 जून कर सकता है।

आठ जुलाई को प्रस्तावित चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने और केंद्रीय बलों की तैनाती की तारीख बढ़ाने को लेकर विपक्षी नेताओं की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अदालत ने नौ जून को कहा था कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दिया गया समय प्रथम दृष्ट्या अपर्याप्त है।

राज्य निर्वाचन आयोग) की ओर से पेश वकील जयंत मित्रा ने सोमवार को मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम और न्यायाधीश हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 जून तक बढ़ाई जा सकती है। मित्रा ने कहा कि पिछले अवसरों पर भी इस उद्देश्य के लिए छह दिन दिए गए थे।



### राज्य के विभिन्न हिस्सों में झड़पें, विपक्षी नेताओं पर हुए हमले

कोलकाता पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से सोमवार को झड़प की कई घटनाएं सामने आईं। अज्ञात बदमाशों ने विपक्षी नेताओं पर कथित तौर पर उस समय हमला किया, जब वे पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दासपुर (पश्चिम मेदिनीपुर), काकद्वीप (दक्षिण 24 परगना), रानीनगर (मुर्शिदाबाद), शक्तिनगर और बर्शुल (दोनों पूर्व बर्धमान में) और मिनाखान (उत्तर 24 परगना) में झड़प की सूचनाएं मिली थीं। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में बांकुड़ा जिले के सोनामुखी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दिबाकर घरामी पर अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उस समय हमला किया, जब वह नामांकन केंद्र की ओर जा रहे थे।

### धारा 144 लागू करने के निर्देश

एसईसी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सभी नामांकन केंद्रों के एक किलोमीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया था।

### हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राज्यपाल बोस

**तिरुवनंतपुरम।** बंगाल में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के दौरान हिंसा की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने सोमवार को आगाह किया कि हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से समाज में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने की अपील की। बोस ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा , पश्चिम बंगाल में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएंगे और किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बोस एक कार्यक्रम में शामिल होने यहां आए थे।

### बुधराम पंजाब प्रदेश 'आप' के कार्यकारी अध्यक्ष



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने सोमवार को विधायक बुधराम को अपनी पंजाब इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। बुधराम बुढलाडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। पार्टी ने उनके साथ ही चार प्रदेश उपाध्यक्षों समेत छह और पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। बटाला से विधायक अमनशेर सिंह कलसी, उरमार से विधायक जसवीर सिंह राजा गिल, मुक्तसर से विधायक जगदीप सिंह काका बरार और खन्ना से विधायक तरुणप्रीत सिंह सौंड को आप का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जगरूप सिंह सेखवान को प्रदेश महासचिव, विधायक देविंदरजीत सिंह लड्डी को पार्टी की युवा इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### कांग्रेस की कोई विचारधारा नहीं : अध्यक्ष जेपी नड्डा



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इसे मां, बेटा और बेटी की 'वंशवादी' पार्टी करार दिया, जिसकी कोई विचारधारा नहीं है और सत्ता पाने के लिए जो समझौते करती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कार्यकर्ता आधारित भाजपा है, तो दूसरी तरफ परिवार आधारित गैर-भाजपाई दल हैं। नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी का ध्यान सेवा, सुशासन और जन कल्याण पर है। भाजपा अध्यक्ष अपने गृह राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह कांगड़ा जिले के नूरपुर और पालमपुर में पार्टी कार्यालयों का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

**मध्य प्रदेश: कांग्रेस ने रैली के साथ फूंका चुनावी बिगुल**

# भाजपा के 220 महीनों के शासन में 225 घोटाले हुए: प्रियंका गांधी

एजेंसी | जबलपुर

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत सोमवार को जबलपुर में एक रैली से की और आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के 220 महीनों के शासन में 225 घोटाले हुए हैं।

उन्होंने शिवराज सिंह चौहान सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और नौकरियां उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने व्यापमं, खनन, ई-टेंडर और राशन वितरण में कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर महीने एक नया घोटाला करती है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा राज्य में केवल 21 सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं।

जब यह आंकड़ा मेरे संज्ञान में लाया गया, तो मैंने अपने कार्यालय से तीन बार इसकी जांच करने को कहा और पाया कि यह एक तथ्य है। चौहान को घोषणावीर करार देते हुए प्रियंका ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में 18 साल में 22 हजार घोषणाएं की लेकिन अभी तक उनमें से एक को भी लागू नहीं किया। रैली को कमलनाथ ने भी संबोधित किया।



### प्रियंका की 5 गारंटी

अगर कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में आई तो महिलाओं को 1,500 रुपए प्रतिमाह देने और 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराने के साथ 100 यूनिट बिजली मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के साथ किसानों के कृषि ऋण माफ करेगी।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया पर किया कटाक्ष

कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने के बाद केंद्रीय मंत्री बने ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम लिए बिना प्रियंका गांधी ने उन पर कटाक्ष किया और कहा कि मध्य प्रदेश में कुछ नेताओं ने सत्ता के लिए पार्टी की विचारधारा को त्याग दिया। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए कुछ भी कर सकती है। ज्ञात हो कि सिंधिया के वफादार विधायकों ने मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़ दी थी, जिसके कारण मध्यप्रदेश में कमलनाथ की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में फिर से भाजपा की सरकार बनी।

### राजस्थान समेत तीन राज्यों में ओपीएस बहाल

प्रियंका गांधी ने कहा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने ओपीएस को बहाल कर दिया है। कर्नाटक में हमारी सरकार ने पांच गारंटी को पूरा कर दिया है। कांग्रेस ने वहां किए गए चुनावी वादों को गारंटी का नाम दिया था।

### सीएम चौहान से पूछे सवाल

शनिवार को लाड़ली बहना योजना शुरू करने वाले मुख्यमंत्री चौहान पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने पूछा कि उनकी सरकार ने पिछले 18 सालों से महिलाओं की बेहतरी के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया लेकिन चुनाव नजदीक आने के बाद से रियायतों की घोषणा शुरू कर दी है। उन्होने कहा कि कमलनाथ के 15 माह के कार्यकाल में 27 लाख किसानों का एक लाख रुपए तक का कर्ज माफ किया गया।



### नर्मदा नदी की पूजा-अर्चना

इससे पहले दिन में गांधी ने जबलपुर पहुंचने के बाद मध्य प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी में पूजा अर्चना की।

**लोस चुनाव: कुमारस्वामी ने कहा-**

# चुनावी समझौते पर फैसला समय आने पर किया जाएगा

एजेंसी | रामनगर (कर्टक)

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी समझौते पर निर्णय समय आने पर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास फिलहाल संसदीय चुनाव के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और जद (एस) के बीच संभावित गठबंधन और उनके चुनाव लड़ने की अटकलों के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से कहा, राजनीति में कई तरह की बातों और अटकलों का उभरना स्वाभाविक है, चाहे वह अफवाह हो या उसमें कितनी भी वास्तविकता हो, लेकिन चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर ही इन प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। भाजपा के साथ किसी चुनावी तालमेल के बारे में पूछे जाने पर कुमारस्वामी ने कहा, पिछले पांच दिन में, जद (एस) ने पार्टी कार्यालय में जीते और हारे दोनों तरह के उम्मीदवारों की जिलेवार बैठकें की है और उन बैठकों में सभी ने मुझे आश्वासन दिया है कि वे मेरे साथ खड़े रहेंगे और मेरे साथ ईमानदारी से सहयोग करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य दलों के साथ समझौते से सहायता मिल सकती है, उन्होंने कहा, स्थिति आने पर हम तय करेंगे कि क्या करना है। विधानसभा चुनाव के बाद, मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थीं कि जद (एस) 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करेगी। यह भी कहा गया था कि कुमारस्वामी ने अपनी हालिया नई दिल्ली यात्रा के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी।



### पिछली बार BJP को मिली 25 सीटें

कर्नाटक में 28 लोकसभा सीट हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 25 सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि उसके समर्थन वाले एक निर्दलीय ने एक सीट पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस और जद (एस) ने एक-एक सीट जीती थी।

**तमिलनाडु: सीएम ने शाह के दावों पर उठाया सवाल**

# राजग शासन में संप्रग सरकार जैसी विशेष योजनाएं नहीं मिली: स्टालिन

एजेंसी | सेलम (तमिलनाडु)

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य के लिए केंद्रीय पहलों पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जोर दिए जाने पर सोमवार को सवाल उठाया और दोहराया कि राज्य को वैसी कोई विशेष योजना नहीं मिली जैसी कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के दौरान मिलती थी। शाह द्वारा राज्य के वेलूर में रविवार को एक जनसभा के दौरान भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा तमिलनाडु के लिए मुहैया करायी गई विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के बारे में किये गए उल्लेख को लेकर स्टालिन पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने हाल ही में सेलम में पार्टी पदाधिकारियों के एक कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से बात की थी।



### आंध्र: 43 लाख छात्रों को दिए 1,043 करोड़ के मुफ्त शिक्षा किट

**क्रोसुरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए सोमवार को स्कूल फिर से खोले गए और इस दौरान मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने पलनाडु जिले में जगनन्ना विद्या कनुका योजना के तहत 43 लाख से अधिक छात्रों को मुफ्त शिक्षा किट वितरित कीं।

प्रत्येक किट में द्विभाषी पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, कार्य पुस्तिकाएं, तीन जोड़ी स्कूल परिधान, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे, बेल्ट, स्कूल बैग, अंग्रेजी-तेलुगु शब्दकोश शामिल हैं।

### डांगरी हमला: पीड़ित परिवारों ने दिया धरना



*जम्मू। जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के डांगरी गांव में इस साल जनवरी में एक आतंकवादी हमले में मारे गए सात नागरिकों के परिजनों ने सोमवार को जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध किया।न्याय की मांग करते हुए डांगरी से सैकड़ों ग्रामीणों ने मार्च निकाला और धरना दिया।*

**सूरजमुखी बीज की एमएसपी पर खरीद की मांग**

# महापंचायत के बाद सड़क पर किसान, राजमार्ग-44 को किया बाधित

एजेंसी | कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

किसानों ने सूरजमुखी के बीज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पिपली में महापंचायत करने के बाद दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग बाधित कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) द्वारा बुलाई गई "एमएसपी दिलाओ, किसान बचाओ महापंचायत" राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के पास पिपली में एक अनाज मंडी में आयोजित की गई । महापंचायत के बाद किसान राजमार्ग पर जमा हो गए और उसे अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने यातायात को दूसरी ओर मोड़ दिया। महापंचायत में किसान नेता करम सिंह मथाना ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने उनकी मांगों पर चर्चा के लिए सीएम मनोहर लाल खट्टर के साथ एक बैठक का आश्वासन दिया था। इस वजह से हमारी मांगें पूरी होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को बंद करने का फैसला किया।



### पुलिस कार्रवाई की निंदा

टिकैत ने 6 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को अवरुद्ध करने को लेकर चढ़ूनी और किसानों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा की और सवाल किया कि एमएसपी की मांगकर किसान नेता ने क्या गलत किया।

### एमएसपी कानून नहीं बना तो होगा आंदोलन

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को एमएसपी पर सूरजमुखी की खरीद करनी चाहिए और शाहाबाद में गिरफ्तार किसान नेताओं को रिहा करना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुसार अगर एमएसपी के लिए एक कानून नहीं लाया गया तो संयुक्त किसान मोर्चा एक अखिल भारतीय आंदोलन शुरू करेगा। आरोप लगाया कि सरकार एमएसपी की घोषणा तो करती है, लेकिन उस दर पर उसकी खरीद करने में विफल रहती है।

### बजरंग पूनिया भी पहुंचे पंचायत में

महापंचायत में विभिन्न खाप के नेताओं और भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत के अलावा, भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया भी मौजूद थे। पूनिया ने कहा कि पहलवानों ने अपना आंदोलन 15 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है और अगर उस समय तक बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो उनके अगले कदम की घोषणा की जाएगी।

### पुख्ता इंतजाम

किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए। बीकेयू नेताओं ने महापंचायत को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए रविवार रात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

### सीएम खट्टर ने जारी किया अंतरिम मुआवजा

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को 36,414 एकड़ में उगने वाले सूरजमुखी के लिए 8,528 किसानों को अंतरिम मुआवजे के रूप में 29.13 करोड़ रुपए जारी किए थे।

### 1.48 लाख किसानों पर से मामले नहीं लिए गए वापस: शिव कुमार

**इंदौर।** केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा की समन्वय समिति के सदस्य शिव कुमार शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि इस आंदोलन के दौरान देशभर में 1.48 लाख प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को सरकार के वादे के उलट अब तक वापस नहीं लिया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली की सरहदों पर साल भर चले किसान आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवंबर 2021 को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। "कक्काजी" के नाम से मशहूर शर्मा संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने इंदौर प्रेस क्लब में संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने आंदोलन खत्म होने के बाद हमसे वादा किया था कि 30 दिन के भीतर ये सभी मामले वापस ले लिए जाएंगे, लेकिन ये मुकदमे अब तक चल रहे हैं।

## जरूरी खबर

### राम मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम अपने अंतिम चरण में है और इस साल अक्टूबर तक इसे पूरा करने के लिए सहायक संरचनाओं का काम जोरों पर जारी है। मंदिर के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राम मंदिर के भूतल के निर्माण कार्य की प्रगति की हाल में निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा सहित ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा समीक्षा की गई थी। गर्भगृह के अलावा, मंदिर में पांच मंडप - गुड मंडप, रंग मंडप, नृत्य मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप हैं।

### काठमांडू में हुआ कई रचनाकारों का सम्मान



**देहरादून।** पूर्णोदय साहित्यिक संस्थान लहरपुर सीतापुर उत्तरप्रदेश की अध्यक्षा श्रीमती पूनम राज एवं उपाध्यक्ष शायर राज कलानवी के नेतृत्व में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय काव्य मैत्री सम्मान समारोह काठमांडू में हुआ। समारोह में भारत के कई राज्यों के कवियों ने भाग लिया। कानपुर देहात के विपिन विश्वकर्मा 'वल्लभ' की पुस्तक 'मलूक भजन संग्रह' का विमोचन हुआ। नागपुर के रंगकर्मी डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी और साहित्यकार डॉ.माधुरी भट्ट ने मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि प्रो० डॉ० सौरभ पांडेय, अतिथि लामा घ्योछे रिमपोछे, विशिष्ट अतिथि कवयित्री डॉ. प्रिया सूफी होशियारपुर ने रचनाकारों को सम्मानित किया। साधना मिश्रा, लिटिल विश्वास, श्रीमती सुनीता बहुगुणा,माधुरी भट्ट एवं मीना रवि ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं।

### 24 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न की शिकार 13-वर्षीया नाबालिग लड़की को 24 सप्ताह से अधिक के गर्भ को चिकित्सीय रूप से समाप्त कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायाधीश जसमीत सिंह की अवकाशकालीन पीठ ने नाबालिग लड़की की जांच करने वाले मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद यह आदेश पारित किया। यौन-उत्पीड़न की शिकार हुई नाबालिग लड़की ने पंजीकृत चिकित्सकों की मदद से भ्रूण समाप्त करने की अनुमति के लिए पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय का रुख किया था।



**तूफान की लहरों का डर... मुंबई तट की निगरानी, कच्छ-सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन**

*मुंबई। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण समुद्र में उठ रही लहरें मुंबई तट से टकरा रही हैं। मुंबई के जुहू समुद्र तट पर लोगों को समुद्र के पानी में प्रवेश करने से रोकती पुलिस। **(इनसेट में)** गुजरात के कच्छ के तट से तूफान के टकराने की संभावना को देखते हुए लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। कच्छ जिले के जाखउ गांव से सुरक्षित स्थान की ओर से जाते लोग।*

## कोविन पोर्टल का डेटा लीक! सरकार ने किया इनकार, कहा...

# कोविन पोर्टल सुरक्षित... नहीं लगी सेंध, सुरक्षा की समीक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने कोविन पोर्टल को बिल्कुल सुरक्षित बताते हुए पंजीकृत लाभार्थियों के आंकड़ों में सेंध लगने का दावा करने वाली खबरों बेबुनियाद और शरारतपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि देश की नोडल साइबर सुरक्षा एजेंसी 'सर्ट-इन' ने मामले की समीक्षा की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोविन के मौजूदा सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए एक आंतरिक कवायद शुरू की गई है। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, सोशल मीडिया पर कोविन डेटा में कथित सेंधमारी को लेकर कुछ खबरों पर भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) ने तुरंत कदम उठाया और मामले की समीक्षा की है। ऐसा नहीं लगता कि कोविड ऐप या डेटाबेस सीधे तौर पर सेंध का शिकार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोविन पोर्टल से डेटा के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जहां उन लाभार्थियों का डेटा है, जिन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगाया गया। ऐसी सभी खबरें बेबुनियाद और शरारतपूर्ण हैं।




### ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने यह किया था दावा

कुछ ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने दावा किया है कि जिन व्यक्तियों को टीका लगाया गया है उनके व्यक्तिगत डेटा तक टेलीग्राम (ऑनलाइन मैसेंजर एप्लिकेशन) बॉट के जरिए पहुंच बनी है। दावा किया गया कि वैक्सीन लेने वाले सभी लोगों के फोन नंबर, आधार नंबर, जन्म तिथि और अन्य प्रमुख जानकारी लीक कर दिए हैं।

### पोर्टल पर सुरक्षा उपाय मौजूद

मंत्रालय ने कहा कि कोविन पोर्टल पर वेब एप्लिकेशन फायरवॉल, नियमित रूप से जोखिम मूल्यांकन और पहचान तथा पहुंच प्रबंधन के साथ तमाम सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। डेटा तक केवल ओटीपी प्रमाणीकरण-आधारित पहुंच है। डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं और उठाए जा रहे हैं। सर्ट-इन ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया है कि टेलीग्राम बॉट के लिए बैकएंड डेटाबेस सीधे कोविन डेटाबेस के एपीआई तक नहीं पहुंच रहा था।

### विपक्षी दलों ने की जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि सरकार डेटा सुरक्षा विधेयक पर कोई कदम नहीं उठा रही है। पार्टी सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, भारत सरकार नागरिकों की निजता को नजरअंदाज कर रही है। कोविड-19 का टीका लगवाने वाले हर भारतीय का निजी डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। भारत सरकार डेटा सुरक्षा विधेयक पर कदम क्यों नहीं उठा रही है? तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा, यह गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। अश्विनी वैष्णव ही इस विभाग के मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी, वैष्णव की अक्षमता की कब तक उपेक्षा करते रहेंगे?

## ओलंपिक संघ की पहल

# WFI के चुनाव 4 जुलाई को, निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव चार जुलाई को कराने की प्रक्रिया पर आगे बढ़ते हुए सोमवार को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। वे यह फैसला करेंगे कि राज्य संघों में कौन सा विरोधी गुट चुनाव में हिस्सा लेगा।

आईओए के सीईओ कल्याण चौबे ने न्यायाधीश मित्तल कुमार को उनकी नियुक्त की जानकारी दी। चुनाव डब्ल्यूएफआई की विशेष आम बैठक में कराए जाने हैं जो चार जुलाई को बुलाई गई है। इसी के अनुसार चुनाव का कार्यक्रम तैयार करना होगा। आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति के सूत्र ने कहा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक में दो अलग अलग राज्य इकाइयों ने डब्ल्यूएफआई के चुनावों की मतदाता सूची में जगह बनाने के लिए नाम भेजे हैं।




### 3 राज्यों की इकाई कर दी थी भंग

डब्ल्यूएफआई ने 'भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन' सहित विभिन्न कारणों से जून 2022 में कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र की इकाइयों को भंग कर दिया था।सूत्र ने कहा, कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा की अगुआई वाली तत्कालीन हरियाणा राज्य इकाई को खेल संहिता के उल्लंघन के लिए भंग कर दिया गया था

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# दिल्ली में फिलहाल नहीं चलेंगी बाइक टैक्सी

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें बाइक टैक्सी एग्रीगेटर 'रैपिडो' और 'उबर' को दिल्ली में परिचालन की अनुमति दी गई थी और दिल्ली सरकार से कहा गया था कि नई नीति बनाये जाने तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश राजेश बिंदल की एक अवकाशकालीन पीठ ने दोनों एग्रीगेटर को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने की स्वतंत्रता प्रदान की। पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील की यह दलील भी दर्ज की कि अंतिम नीति को जुलाई के अंत से पहले अधिसूचित किया जाएगा।

## INS विक्रांत पर योग



*नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के सिलसिले में हिंद महासागर में मौजूद आईएनएस विक्रांत पर इसकी टीम के सदस्य योगाभ्यास करते हुए।*

## प्रक्षेपण पैड पर पहुंचा यान

# चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण 12 से 19 जुलाई के बीच

एजेंसी | कोट्टायम (केरल)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि अगर सभी परीक्षण सफल रहे तो चंद्रमा की सतह पर उतरने के भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3' का 12 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो द्वारा कोथावारा सेंट जेवियर्स कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला और अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद सोमनाथ ने मीडिया से कहा कि चंद्रयान पहले ही यू आर राव उपग्रह केंद्र से श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण पैड पर पहुंच चुका है। सोमनाथ ने कहा, अंतिम तैयारी चल रही है। इसे इस महीने के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

## एसआईपीआरआई की रिपोर्ट में दावा

# चीन बढ़ा रहा है परमाणु हथियारों का जखीरा, अमेरिका-रूस से होड़

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत और पाकिस्तान सहित परमाणु हथियार सम्पन्न नौ देश अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण जारी रखे हुए हैं। यह दावा स्वीडन के प्रमुख थिंक-टैंक एसआईपीआरआई ने सोमवार को किया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि परमाणु हथियार सम्पन्न कई देशों ने 2022 में नए परमाणु अस्त्र या परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम प्रणालियां तैनात कीं। चीन के परमाणु शस्त्रागार का आकार बढ़ गया है। उसके परमाणु हथियारों की संख्या 350 से बढ़कर जनवरी 2023 में 410 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें बढ़ोतरी जारी रहने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसर चीन के पास दशक के अंत तक संभावित रूप से कम से कम उतनी ही अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) हो सकती हैं, जितनी अमेरिका या रूस के पास हैं। यह इस पर निर्भर करेगा कि चीन अपने रक्षा बलों को किस तरह से आकार देता है।




फाइल फोटो

### भारत व पाक भी कर रहे हैं विस्तार

एसआईपीआरआई ने कहा कि ऐसा लगता है कि भारत और पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का विस्तार कर रहे हैं और दोनों देशों ने 2022 में नए प्रकार के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम प्रणालियों को पेश किया और विकसित करना जारी रखा। पाकिस्तान, भारत के परमाणु प्रतिरोध का मुख्य केंद्र बना हुआ है।

### उत्तर कोरिया व इजराइल भी दौड़ में

एसआईपीआरआई ने कहा, नौ परमाणु हथियार सम्पन्न देश - अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इज़राइल - अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण करना जारी रखे हुए हैं और 2022 में कई ने नए परमाणु अस्त्र या परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम प्रणालियां तैनात कीं।

### 9,576 एटमी हथियार तैनाती के लिए तैयार

रिपोर्ट में कहा गया है, जनवरी 2023 में अनुमानित 12,512 हथियारों की कुल वैश्विक सूची में से, लगभग 9,576 संभावित उपयोग के लिए सैन्य भंडार में थे। यह जनवरी 2022 की तुलना में 86 अधिक हैं। इनमें से, अनुमानित 3,844 हथियार मिसाइल और विमानों के साथ तैनात किए गए थे और लगभग 2,000 (जिनमें से लगभग सभी रूस या अमेरिका के थे) को उच्च परिचालन चेतावनी की स्थिति में रखा गया था, जिसका अर्थ है कि उन्हें मिसाइल पर लगाकर रखा गया था या उन्हें उन एयरबेस पर रखा गया है।

### 90 प्रतिशत हथियार अमेरिका व रूस के पास

रिपोर्ट के अनुसार सभी परमाणु हथियारों का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा रूस और अमेरिका के पास है। उनके संबंधित परमाणु शस्त्रागार का आकार 2022 में अपेक्षाकृत स्थिर रहा, हालांकि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मद्देनजर दोनों देशों में परमाणु बलों के संबंध में पारदर्शिता में गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रयोग करने योग्य परमाणु हथियारों के अलावा, रूस और अमेरिका में से प्रत्येक के पास सैन्य सेवा से पहले हटाये गए 1,000 से अधिक हथियार हैं, जिन्हें वे धीरे-धीरे नष्ट कर रहे हैं।

### परमाणु हथियारों पर नियंत्रण को झटका

रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद परमाणु हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण कूटनीति को बड़ा झटका लगा है। एसआईपीआरआई के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा, हम मानव इतिहास के सबसे खतरनाक दौर में से एक की ओर बढ़ रहे हैं। यह जरूरी है कि दुनिया की सरकारें भू-राजनीतिक तनाव को शांत करने, हथियारों की दौड़ को धीमा करने और पर्यावरण के क्षरण और बढ़ती वैश्विक भूख के परिणामों से निपटने के लिए सहयोग करने के तरीके तलाशें।

### एक फ्लोर पर आए फैशन इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ

# फैशन एक्स के लिए जयपुर में हुई मॉडल्स की क्राउन सेरेमनी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में होने वाले फैशन एक्स सीजन-2 के लिए दिल्ली, देहरादून, जयपुर, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में आयोजित टैलेंट राउंड व ऑडिशन के बाद जयपुर में क्राउन सेरेमनी का आयोजन किया गया। रिद्धि-सिद्धि स्थित इचकदाना रेस्टोरेंट में हुए सेरेमनी में फैशन एक्स के लिए फैशन इंडस्ट्री के विशेषज्ञ एक फ्लोर पर आए।

## दूसरे सीजन में सेलिब्रिटी करेंगे मॉडल्स को जज









फोटो: पंकज शर्मा

### 24 जून को जयपुर में फिनाले

कार्यक्रम का फिनाले सीतापुरा स्थित जी स्टूडियो में 24 जून को आयोजित किया जाएगा। 23 जून को सलेक्ट की गई मॉडल्स की ग्रूमिंग की जाएगी। फैशन शो के लिए देशभर से आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए कई जगह ऑडिशंस रखे गए। शो के लिए इन ऑडिशंस के माध्यम से कुल 25 मॉडल्स का सलेक्शन किया गया।

### 6 टाइटल दिए जाएंगे

शो में फैशन एक्स क्वीन सीजन-2 विनर समेत कुल 6 टाइटल दिए जाएंगे। इनमें मिस पर्सनालिटी, मिस ब्यूटीफुल, मिस पॉपुलर के साथ मिस योगा जैसी खास कैटेगरी को शामिल किया गया है। कार्यक्रम संयोजक इनोविजन ब्रांड मैनेजमेंट के हरेंद्र डोगरा व विनोद साहनी हैं, जिन्होंने मॉडल्स को मोटिवेट किया। वहीं मिसेज इंडिया इंटरनेशनल दीप्ति सैनी और बॉलीवुड क्रिएटिव डायरेक्टर राकेश उपाध्याय शो में जज रहेंगे। शो में विजेता मॉडल्स को म्यूजिक वीडियो एल्बम और वेब सीरीज में काम करने का मौका मिलेगा।

## लुक लॉन्च में फैशन की बानगी



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की हार्ट बीट क्लब एल्डोराडो के फ्लोर पर मॉडल्स ने लुक लॉन्च में फैशन की बानगी पेश की। इसमें उन्होंने लहंगा, साड़ी और वेस्टर्न वियर को प्रमोट किया। अब ये सब वंशिका वेलफेयर सोसायटी की ओर से राजस्थान प्राइड फैशन वीक के दौरान बड़े रूप में दिखाई देगा। जहां मुंबई, दिल्ली, जयपुर की प्रोफेशनल्स मॉडल्स वेस्टर्न, इंडियन और इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेज को जूलरी के साथ शोकेस करेंगी।

## बच्चे होंगे 'हम हैं शांति दूत' उपाधि से सम्मानित

**बेधड़क. जयपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से राजस्थान में 6 से 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स के लिए 'मेरे महापुरुष' संस्मरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बच्चों में चरित्र निर्माण और संस्कार सृजन के लिए मेरे महापुरुष योजना के तहत उनके संस्मरण पढ़कर अपने शब्दों में लिख कर भेजने होंगे। अकादमी सचिव राजेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी रहेंगे, जिन्हें 500 शब्दों में लेख लिखना होगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक वरिष्ठ वर्ग के बच्चे 700 शब्दों में प्रविष्टि भेज सकेंगे। प्रविष्टि Meremahanbal-sahityaacademy@gmail.com पर 23 जून तक दी जा सकती है। प्रतिभागी महापुरुषों में से किसी भी आदर्श व्यक्ति को चुनकर संस्मरण भेज सकते हैं। इसमें महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, डॉ. भीमराव अंबेडकर, अब्दुल कलाम आजाद, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, विजय सिंह पथिक, जमनालाल बजाज, अर्जुन लाल सेठी, लक्ष्मी सहगल, केसरी सिंह बारेठ, गोविंद गुरु, रतन शास्त्री, दुर्गा भाभी, ज्योतिबा फुले, लाल बहादुर शास्त्री शामिल हैं। प्रथम 10-10 बच्चों को हम हैं शान्ति दूत उपाधी से सम्मानित किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### वेट लिफ्टिंग में जयपुर ने जीते मेडल



**बेधड़क. जयपुर।** वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जयपुर ने अच्छा प्रदर्शन किया। मौका था सेकंड जयपुर संभाग वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का, जिसमें जयपुर जिले पुरुष व महिला वर्ग में जयपुर टीम विजेता रही तो उपविजेता अलवर रहा। आमेर में हुई प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राम विनोद शर्मा रहे। जयपुर पुरुष टीम ने टोटल 16 मेडल जीतकर प्रथम रही। अलवर ने 10 मेडल अपने नाम करते हुए सेकंड पोजिशन बनाई। 8 गोल्ड 5 सिल्वर व 3 कांस्य पदक जीतकर जयपुर संभाग चैंपियन बना। महिला वर्ग में 8 गोल्ड व 5 सिल्वर मेडल जीतकर महिला टीम भी विजेता रही। समापन में संघ अध्यक्ष महंत मदनलाल शर्मा ने बच्चों को मेडल वितरण कर मोटिवेट किया।

### शिवानी ने किया महिला वर्ग में टॉप



**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन ने कनिष्ठ न्यायिक सहायक एलडीसी ग्रेड सेकंड का परिणाम जारी कर दिया है। इस भर्ती परीक्षा में शिवानी सिंघल ने महिला सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवानी ने इस परीक्षा में 355 . 67 अंक हासिल किए हैं। यह भर्ती राजस्थान हाई कोर्ट विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अधीनस्थ अदालतों के लिए की गई है। शिवानी के पिता उमाशंकर दौसा जिले के ठिकरिया गांव के रहने वाले हैं और आयुर्वेद विभाग में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत है।

### मैंबर्स ने गेट टू गेदर में किया एंजॉय



**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप गोल्ड की ओर से आयोजित प्रोग्राम ठंडा ठंडा कूल कूल में सदस्यों ने जगतपुरा स्थित वाटर पार्क में गेम्स को एंजॉय किया। अध्यक्ष सुरेंद्र रूपल पाटनी और संस्थापक अध्यक्ष राकेश नीलू गोधा ने बताया कि देर शाम तक मैंबर्स एंजॉय करते रहे और गेट टू गेदर में एक-दूसरे से मुलाकात की।

### प्रदेश में तीन साल में मुक्त कराए 4086 बाल श्रमिक

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर जागरूकता पोस्टर लॉन्च



बेधड़क | जयपुर

बालश्रम एक सामाजिक अपराध है। बालश्रम से बच्चों का अनमोल बचपन छिन रहा है। सरकार इसकी रोकथाम के प्रयास कर रही है। कानून बने हैं, परंतु संगठित प्रयास के बिना इसकी रोकथाम संभव नहीं है। व्यक्तिगत स्तर पर हमें दृढ़संकल्प लेना होगा और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना होगा।

ये विचार श्रम आयुक्त कार्यालय में श्रम विभाग, सेव द चिल्ड्रन व प्रयास के संयुक्त तत्वावधान में विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रखे। अधिकारियों व स्वयं सेवी संघटनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डॉ. घनश्याम ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत में आज भी एक करोड़ बाल श्रमिक हैं और इसके उन्मूलन के प्रयास जारी है। राज्य में पिछले तीन साल में 4086 बालश्रमिक मुक्त कराए गए। इनमें से 1682 अन्य राज्यों के थे। ये बच्चे फिर से बालश्रम में नहीं जाएं इसके लिए इनके पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना जरूरी है। इसके लिए अंतरराज्यीय प्रशासनिक बैठकें आयोजित की गई हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ समाज को शिक्षा का महत्व समझाना होगा। डॉ. घनश्याम ने बताया कि पोर्टल पर कोई व्यक्ति एक आसान सा फार्म भरकर बालश्रम की शिकायत दर्ज कर सकता है। उन्होंने सेव द चिल्ड्रन एवं प्रयास संस्था द्वारा तैयार पेंसिल पोर्टल जागरूकता पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर उप श्रम आयुक्त शिव दयान सोलंकी, अंकिता महर्षि सहित 40 श्रम अधिकारी, यूनिसेफ व विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### MLA कोष से लगाए 25 लाख के सीसीटीवी कैमरे

## कालीचरण सराफ ने CCTV कैमरों का किया लोकार्पण



बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड नंबर 129 और 130 में सीसी टीवी कैमरों का लोकार्पण किया। वार्ड 129 पार्षद महेश सैनी बच्चू ने बताया कि विधायक कोष से प्रदत्त 28 लाख रुपए की राशि से जय जवान प्रथम में स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ द्वारा सीसी टीवी कैमरे लगवाए गए। इसका विधिवत लोकार्पण किया गया। वार्ड नंबर 130 डी ब्लाक मालवीय नगर विकास समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण पारीक ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर सुरक्षा को देखते हुए विधायक कोष से 25 लाख रुपए की राशि से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इनका विधायक सराफ ने रिमोट दबाकर विधिवत लोकार्पण किया। स्थानीय लोगों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, पार्षद ओम स्वामी, डी ब्लॉक विकास समिति महामंत्री शैलेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिसोदिया, विजय चंद जैन, विष्णु विजयवर्गीय, संत कुमार तिबरा आदि मौजूद थे।

### 18 कॉलोनियों में चल रहा है काम

विधायक कालीचरण सराफ ने बताया कि कॉलोनी में आए दिन हो रही चोरियां, डकैती और गाड़ियों के शीशे टूटने की घटना को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले कार्यकाल में सुरक्षा गेट लगवाए गए थे। इस कार्यकाल में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इससे अपराधों में कमी आएगी। सराफ ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 5 कॉलोनियों में CCTV कैमरे लग चुके हैं। बाकी 18 कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरों का कार्य चल रहा है, वो जल्दी लग जाएंगे।

**आयोजन** राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा राज्य स्तरीय आर्ट कैंप की हुई शुरुआत

## गुलाबीनगर की धरा पर 50 चितेरों की आर्ट का जादू

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी के मंच पर प्रदेश के मंच पर कई जिलों के पचास से ज्यादा कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौका था राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर राज्य स्तरीय कैंप की शुरुआत का। इस तीन दिवसीय आर्ट कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा, उपाध्यक्ष, सुशील पारीक, पद्मश्री शाकिर अली, कलाविद् सुब्रतों मंडल और अकादमी चेयरमैन लक्ष्मण व्यास मूर्तिकार सहित कई लोगों ने किया।



### लाइव पेंटिंग से होगा सराबोर

उप चेयरमैन डॉ. मूलाराम गहलोत, सचिव डॉ. रजनीश हर्ष व कला शिविर संयोजक अमित हारित सहित अकादमी सदस्यों ने कलाकारों का स्वागत किया। अकादमी चेयरमैन मूर्तिकार लक्ष्मण व्यास ने बताया कैंप में विभिन्न शहरों और गांव के 50 कलाकारों आए हुए हैं। इस दौरान तीन दिन तक कलाकार अकादमी परिसर में रहकर लाइव पेंटिंग करेंगे।

### ये कलाकार हुए शामिल

कैंप में दिनकृष्ण कुंडारा, विजय कुमावत, सुरेंद्र सिंह, दिलीप डामोर, राम खिलाड़ी सैनी, श्रीकृष्ण महर्षि, सुमन जोशी, अजय मिश्रा, विकास मीणा, कीर्ति सिंह, शिखा कुमारी, करुणा, अनुप्रिया राजावत, वर्षा झाला, दिव्या चौहान भाग ले रहे हैं।

### कला को उभारना है मुख्य उद्देश्य

शिविर के आयोजन के पीछे मुख्य उद्देश्य ऐसे कलाकारों को सामने लाना है, जो विगत वर्षों में हाशिए पर रहे हैं और श्रेष्ठ सृजन कार्य होने पर भी जिनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाई। शिविर में अधिकांश कलाकार युवा और वे हैं, जिन्होंने अकादमी के किसी आर्ट कैंप में भाग नहीं लिया है। शिविर संयोजक अमित हारित ने बताया कि सभी कलाकारों की अपनी विशिष्ट शैली है। इन तीन दिनों में वरिष्ठ कलाकार तथा कला विशेषज्ञ, कला समीक्षक इन कलाकारों के कार्य पर वार्ता करेंगें।

### कैटलॉग करेंगे जारी

इस दौरान बनी कलाकृतियों का ई-कैटलॉग जारी किया जाएगा। युवा कलाकारों तथा छात्र-कलाकारों को शिविर में राजस्थान राज्य के प्रतिभावान चित्रकारों को कार्य करते हुए देख सकेंगे। कैंप में शाम को कला वार्ता आयोजित हुई। कला वार्ता के मुख्य वक्ता कलाविद् चिन्मय मेहता व वरिष्ठ फ्रेस्को आर्टिस्ट राधाकृष्ण कुमावत ने वार्ता करते हुए फ्रेस्को आर्ट के तकनीकी पक्ष पर कलाकारों से बात की।



सभी अनुभवों का स्वागत कीजिए,
पता नहीं कौन-सा अनुभव जिंदगी बदल दे।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## फिलीपीन के 'मायोन' ज्वालामुखी से फूटा लावा... हजा



*लेगास्पी। फिलीपीन के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी 'मायोन' से सोमवार को लावा निकलने लगा, जो धीरे-धीरे ढलान से नीचे की ओर आ रहा है। ज्वालामुखी में किसी भी वक्त विस्फोट होने की आशंका के मद्देनजर हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। ज्वालामुखी के धधकने और इससे लावा निकलने की गतिविधि पिछले सप्ताह तेज हुई थी, जिसके बाद 'मायोन' के छह किलोमीटर के दायरे में रहने वाले 12,600 से अधिक लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर पनाह ली। -पीटीआई*

### ट्रंप आज गोपनीय दस्तावेज मामले में होंगे पेश

# पूर्व प्रेसीडेंट ने समर्थकों से कहा-कोर्ट के बाहर करो प्रदर्शन

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गोपनीय दस्तावेज अपने आवास में रखने को लेकर दर्ज आपराधिक मामले में मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। इससे पहले उन्होंने और उनके सहयोगियों ने समर्थकों को इसके खिलाफ अदालत के बाहर प्रदर्शन करने को कहा। ट्रंप मंगलवार को मियामी की अदालत में पेश होंगे।

अभियोग से पहले पूर्व राष्ट्रपति ने न्याय विभाग के विशेष वकील जैक स्मिथ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उन्हें 'विक्षिप्त' तथा अभियोजकों की उनकी टीम को 'ठग' करार दिया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वे राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से मियामी कोर्ट हाउस के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने को कहा। ट्रंप ने 'डब्ल्यूएबीसी रेडियो' को दिए एक साक्षात्कार में अपने मित्र एवं सलाहकार रोजर स्टोन से कहा,'हमें अब हमारे देश में ताकत चाहिए। उन्हें (समर्थकों को) बाहर जाना है और उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना है। बहुत सारे विरोध प्रदर्शन करने हैं। हमने सबकुछ खो दिया है।'




### चुनाव की दौड़ में बने रहने का संकल्प

ट्रंप ने संकल्प लिया कि वह अभियोग के बावजूद राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में बने रहेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, इस मामले के कारण ट्रंप के चुनाव लड़ने पर तलवार लटक गई है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोपनीय दस्तावेज रखने संबंधी मामले में अभ्यारोपित किया गया है।

### सैकड़ों गोपनीय दस्तावेज मिले थे घर में

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आवास से गोपनीय दस्तावेज मिलने संबंधी आरोपों से जुड़े अभियोग को शुक्रवार को सार्वजनिक कर दिया गया था। यह मामला फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के आवास मार-ए-लागो से सैकड़ों गोपनीय दस्तावेज मिलने से जुड़ा है।

### पाकिस्तान में सेना का बजट 15.5 फीसदी बढ़ाया

# तबाही का सबब सेना

■ शिक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और शोध से 26 गुना ज्यादा खर्च

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद सेना के शाही ठाठ-बाट कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश के पास विदेशों से जरूरी सामानों के आयात के लायक पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार नहीं बची है।

पूरे पाकिस्तान में दवाइयां, सर्जिकल सामान सहित कई जरूरी वस्तुओं की कमी है। इसके बावजूद पाकिस्तानी सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में सैन्य बजट में 15.5 फीसदी इजाफा किया है। इसी बजट में कंगाली का हवाला देकर शिक्षा और रिसर्च पर किए जाने वाले खर्च को काफी कम रखा गया है। पाकिस्तान के भविष्य और उसकी नीतियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। देश की कंगाली का मुख्य कारण पाकिस्तान की सेना है। पाकिस्तान के नेशनल इक्वेलिटी पार्टी के चेयरमैन प्रोफेसर सज्जाद राजा ने बजट को लेकर शहबाज सरकार और पाकिस्तानी सेना पर जमकर हमला बोला है।



### सेना के लिए 1804 अरब रुपए का बजट

प्रो. राजा ने कहा कि पाकिस्तान के 2023-24 के बजट में संयुक्त रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और विज्ञान प्रौद्योगिकी पर 69.71 अरब पाकिस्तानी रुपए का प्रावधान किया है, जबकि सेना के लिए 1804 अरब पाकिस्तानी रुपए का बजट तय किया है। इन पैसों में सैनिकों को दी जाने वाली पेंशन, परमाणु कार्यक्रम का खर्च, खुफिया एजेंसी आईएसआई का बजट, रिटायर्ड सैनिकों और अधिकारियों को दी जाने वाली पेंशन शामिल नहीं हैं। इन आवंटनों को जोड़ दिया जाए तो पाकिस्तानी सेना पर कुल खर्च 5000 अरब पाकिस्तानी रुपये से अधिक हो जाता है।

### कैसे सुधरेंगे हालात!

पाकिस्तानी सेना का हिस्सा शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से कम नहीं होगा, तब तक देश का विकास नहीं हो सकता। पाकिस्तानी सेना की सभी व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है, सभी रिटायर्ड सैनिकों को बाद में भी कोई नौकरी करने से मना नहीं किया जाता है, तब तक देश के हालात ऐसे ही बने रहेंगे। उन्होंने सेना के जनरलों के घरेलू राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप को भी रोकने की मांग की। जब तक सेना के हस्तक्षेप पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है, तब तक पाकिस्तान विकास नहीं कर सकता और ना ही अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अपनी पुरानी प्रतिष्ठा को हासिल कर सकता है।

### सऊदी अरब-चीन आए और करीब... 5.6 अरब डॉलर की डील हुई पक्की

# इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में अहम समझौता

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी अरब के निवेश मंत्रालय ने चीनी इलेक्ट्रिक कार निर्माता ह्यूमन होराइजंस के साथ 5.6 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सऊदी अरब की सरकारी समाचार एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इस समझौते के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों का विकास, निर्माण और बिक्री शामिल है। रविवार को रियाद में अरब-चीन व्यापार सम्मेलन के पहले दिन हस्ताक्षर किए गए 10 बिलियन डॉलर से अधिक के निवेश में आधे से अधिक प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, रियल एस्टेट, धातु, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े हैं। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक देश सऊदी अरब और चीन के बीच के संबंध वैसे तो ऊर्जा संबंधों पर टिके हुए हैं लेकिन दोनों देशों ने विविधीकरण एजेंडे के हिस्से के रूप में गैर-तेल क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। नए समझौते के तहत सऊदी अरब घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण उद्योग को बढ़ावा देगा। इसमें चीनी इलेक्ट्रिक कार निर्माता ह्यूमन होराइजंस हाई-फाई ब्रांड के उत्पादन में सऊदी अरब की मदद करेगा। सऊदी अरब ने एक बयान में कहा है कि अरब बाजारों में चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2021 में 23 अरब डॉलर का था, जिसमें से 3.5 अरब डॉलर का निवेश सिर्फ सऊदी अरब में था।

### इटली के पूर्व पीएम सिल्वियो बर्लुस्कोनी का निधन

**रोम।** अरबपति मीडिया मुगल और इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी का सोमवार को निधन हो गया। इतालवी मीडिया ने यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। बर्लुस्कोनी रंगीन पार्टियों और भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोपों के बावजूद सबसे लंबे समय तक इटली के प्रधानमंत्री रहे। लेकिन पिछले कुछ सालों से वह हृदय रोग तथा कैंसर से पीड़ित थे।

# इजराइल के पूर्व पीएम लापिद ने नेतन्याहू के खिलाफ दी गवाही

**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइल के विपक्ष के नेता येर लापिद ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ यरूशलम में चल रहे भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में सोमवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही दी।

पूर्व प्रधानमंत्री लापिद अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी नेतन्याहू के खिलाफ तीन में से एक मामले में गवाही दे रहे हैं। नेतन्याहू ने हॉलीवुड कारोबारी आर्नन मिलशन से मिले उपहारों के बदले उनके पक्ष में काम करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। नेतन्याहू ने मिलशन को निजी तौर पर फायदा पहुंचाया जिसमें अमेरिकी अधिकारियों से मिलशन के अमेरिकी प्रवास की अनुमति बढ़ाने का अनुरोध करना शामिल है। नेतन्याहू ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि वह मिलशन के निजी हितों को नहीं साध रहे थे और कई बार उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर चुके हैं। मिलशन इस मामले में इस महीने के आखिर में लंदन से वीडियो कॉल के माध्यम से गवाही दे सकते हैं जहां वह रहते हैं।


**एक विशेष स्टडी**

# युवा दिखना है तो डाइट में करें बदलाव

**एजेंसी** | वाशिंगटन

लो-कार्ब डाइट से लेकर इंटरमिटेंट फास्टिंग तक, आजकल लोग कई तरह के व्रत कर रहे हैं ताकि शरीर यंग बना रहे। वैसे तो ये काफी पहले समझा जा चुका कि खाना कम करना सेहत पर कई पॉजिटिव असर डालता है। अब जाकर शरीर पर इसके डायरेक्ट फायदों को गिना रहे हैं। एक शोध में सिर्फ भूख से कम खाने की वजह से मक्खियों की उम्र बढ़ गई।

एंटी-एजिंग प्रयोग करते हुए मिशिगन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने घरेलू मक्खियों शोध कर देखा कि सिर्फ कैलोरी कम करने पर जो भूख का अहसास पैदा होता है, वो ब्रेन पर ऐसा असर डालता है, जिससे चुस्ती कई गुना बढ़ जाती है।



### लोग खुद चुनते हैं हेल्दी फूड

वैज्ञानिकों ने पाया कि जो मक्खियां कम बीसीएए वाला स्नैक लेती हैं, वे बाद में विकल्प मिलने पर हमेशा शक्कर और चावल जैसी चीजें छोड़कर वो खाना चुनती हैं, जो प्रोटीन से भरपूर हो। ये नीड-बेस्ड हंगर का उदाहरण है, यानी लोग भूख से बेहाल होने पर अनापशनाप खाने की बजाय वही चुनते हैं, जो उनके शरीर की जरूरत पूरी कर सके। सबसे अच्छी बात ये है कि ये बिना दबाव अपने आप होने वाला चुनाव है। इससे उम्र बढ़ने का प्रोसेस धीमा पड़ जाता है और शरीर के साथ ब्रेन में भी युवाओं वाले लक्षण बढ़ते हैं।

### मक्खियों में जगाया भूख का अहसास

मक्खियों में भूख का अहसास जगाने के लिए साइंटिस्ट्स ने दो तरीके अपनाए। एक तरीके के तहत उनके खाने में ब्रांच्ड चेन अमीनो एसिड (बीसीएए) नाम के तत्व को कम कर दिया। इससे पेट भरा होने का अहसास भी होता है। बीसीएए की कमी वाले नाश्ते के बाद वैज्ञानिकों ने लंच के समय उनके सामने दो विकल्प रखे, ज्यादा प्रोटीन या ज्यादा कार्ब्स वाला भोजन। तब भूख से परेशान मक्खियों ने अपने-आप ही ज्यादा प्रोटीन वाली डाइट चुनी।



Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl